वार्षिक रिपोर्ट
2023-24

40 वर्षों का ज्ञानोत्सव

ग्लोबल साउथ के विकास को सुनिश्चित करना

RIS@40

RIS
Research and Information System
for Developing Countries
विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली

विषय सूची

महानिदेशक की रिपोर्ट........vii

अध्याय I : स्थिरता........1

अध्याय II : ग्लोबल साउथ........7

अध्याय III : व्यापार और विकास........13

अध्याय IV : वित्त और प्रौद्योगिकी........19

अध्याय V : क्षेत्रीय सहयोग........25

अध्याय VI : कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना........31

अध्याय VII : विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार........37

अध्याय VIII : पारंपरिक चिकित्सा........43

अध्याय IX : वैश्विक आर्थिक धारणाओं को गढ़ रहा है: आरआईएस@40........49

अन्य मंचों पर नीतिगत संवाद........61

सुखमय चक्रवर्ती पुस्तकालय आंकड़ें एवं सूचना केन्द्र........75

अभिस्वीकृति........79

मानव संसाधन........81

वित्तीय विवरण........88

संचालन परिषद

अध्यक्ष

पदेन सदस्य

श्री विक्रम मिस्री
विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय
(15 जुलाई 2024 से)



श्री विनय क्वात्रा
विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय
(14 जुलाई 2024 तक)

श्री अजय सेठ
सचिव, आर्थिक कार्य
विभाग, वित्त मंत्रालय

श्री सुनील बरतवाल
वाणिज्य सचिव
वाणिज्य एवं उद्योग
मंत्रालय



डॉ राजेश एस. गोखले
सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(2 अक्टूबर 2023 तक)

प्रोफेसर अभय करंदीकर
सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(3 अक्टूबर 2023 से)

श्री दामु रवि
सचिव (आर्थिक संबंध)
विदेश मंत्रालय

अपदेन सदस्य

श्री शेषाद्री चारी
अध्यक्ष, चाईना स्टडी सेन्टर,
माहे, मनीपाल

श्री जयंत दासगुप्ता
डब्ल्यूटीओ में भारत के
पूर्व राजदूत

श्रीमती श्यामला गोपीनाथ
पुर्व उप गवर्नर, आरबीआई

सदस्य सचिव (पदेन)

प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी
महानिदेशक, आरआईएस

अनुसंधान सलाहकार परिषद

अध्यक्ष



श्री एस. टी. देवरे

सदस्य



प्रोफेसर पुलिन बी. नायक
भूतपूर्व निदेशक, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स

सुश्री सिंधुश्री खुल्लर
भूतपूर्व सीईओ, नीति आयोग

डा. सुमित सेठ
सह सचिव (पी पी एण्ड आर)
विदेश मंत्रालय
(26 जुलाई 2023 तक)

डॉ. रघुराम एस.
सह सचिव (पी पी एण्ड आर)
विदेश मंत्रालय

विशेष आमंत्रित सदस्य

डॉ नागेश कुमार
निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी,
औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान
(आईएसआईडी), नई दिल्ली

प्रोफेसर एस.के. मोहंती
आरआईएस

सदस्य सचिव

प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी
महानिदेशक, आरआईएस

महानिदेशक की रिपोर्ट

प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी

साल 2023–24 आरआईएस परिवार के लिए बेहद गौरवशाली रहा है, क्योंकि हम ग्लोबल साउथ के प्रतिष्ठित थिंक–टैंक के रूप में अपनी यात्रा के चार दशक पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस अवधि ने हमें आरआईएस की असाधारण प्रगति के बारे में विचार करने और साथ ही नई संभावनाओं के बारे में चिंतन करने का अवसर प्रदान किया है। पिछले चार दशकों में ग्लोबल साउथ की आवाज़ बुलंद करने वाली इस संस्था ने अपनी कार्य योजना की नवीनतम पहल के रूप में ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस–'दक्षिण' को भी साथ जोड़ा है। माननीय प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप आरआईएस में स्थित 'दक्षिण' एक सहयोगपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगा, विचारों के आदान–प्रदान को बढ़ावा देगा और विकासशील देशों के सामने आने वाली विविध चुनौतियों का समाधान करने के लिए नवीन रणनीतियां विकसित करेगा।

अतीत पर गौर करें, तो उन सिलसिलेवार घटनाओं को याद करना काफी दिलचस्प है, जो आरआईएस की स्थापना का सबब बनीं। आरआईएस का प्रारंभ उस समय हुआ, जब तेल संकट के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रही थी और दक्षिणी या विकासशील देशों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसकी स्थापना की प्रक्रिया का नेतृत्व श्री जी. पार्थसारथी और प्रोफेसर सुखमय चक्रवर्ती सहित उस समय की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने किया। प्रोफेसर वी.आर. पंचमुखी आरआईएस के संस्थापक महानिदेशक थे। इस टीम ने उपर्युक्त उद्देश्यों के अनुरूप आरआईएस के विभिन्न अनुसंधाान और प्रसार संबंधी प्रयासों के माध्यम से दक्षिण के विकास की कहानी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आरआईएस के अध्यक्ष के रूप में जी. पार्थसारथी और उपाध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर सुखमय चक्रवर्ती के नेतृत्व में पहले शासी बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य थे: श्री एम. रसगोत्रा, श्री रोमेश भंडारी, डॉ. अर्जुन सेनगुप्ता, श्री एम. नरसिम्हम और डॉ. एस. वरदराजन।

अतीत की ही भांति वर्ष 2023–24 के दौरान भी, आरआईएस ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था और सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों का गहराई से अन्वेषण करना जारी रखा। हमारे अनुसंधान के एजेंडे में भारत की जी–20 की अध्यक्षता से संबंधित कार्य के विभिन्न पहलुओं सहित विविध प्रकार के विषय शामिल रहे। 26 सितंबर, 2023 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आरआईएस द्वारा आयोजित जी–20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम के फिनाले में भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वविद्यालय के 7,000 से अधिक विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके कुलपतियों

और संकायों को संबोधित किया। अन्य प्रमुख विषय सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जलवायु परिवर्तन, हरित वि, डिजिटल समाधान, कृषि, स्वास्थ्य और महिला–नेतृत्व में विकास से संबंधित हैं। हमने पर्यावरण सम्मत जीवन शैली (लाइफ) पहल जैसे नवोन्मेषी विकास मॉडलों पर भी ध्यान केंद्रित किया, जिनका उद्देश्य पारंपरिक जीडीपी मेट्रिक्स से आगे जाकर कल्याण की अधिक व्यापक तस्वीर का आकलन करना था। इसके अलावा, हमने इस बात की भी पड़ताल करते हुए त्रिकोणीय सहयोग और व्यापार नीतियों जैसे क्षेत्रों का अन्वेषण किया कि विकासशील देशों के बीच साझेदारी उनके सामूहिक प्रभाव को वैश्विक स्तर पर कैसे बढ़ा सकती है।

व्यापार और निवेश के क्षेत्र में, हमारे अनुसंधान ने उभरते परिप्रेक्ष्यों और जटिल चुनौतियों को नेविगेट किया। मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की पुनर्कल्पना से लेकर स्थिरता संबंधी चिंताओं के निराकरण तक, आरआईएस की टीम ने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी), आईएमईसी के माध्यम से पश्चिम एशिया और यूरोप के साथ भारत के आर्थिक संबंधों और बिम्सटेक क्षेत्र में कृषि व्यापार और मूल्य श्रृंखलाओं की संभावनाओं सहित अनेक विषयों का गहनता से अन्वेषण किया। हमने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) खास तौर पर फिनटेक के डिजिटलीकरण की जांच करते हुए ओमान और मर्कोसुर जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ व्यापार के अवसरों की भी पड़ताल की। व्यापार और निवेश के बारे में विमर्श लगातार विकसित हो रहा है, और आरआईएस वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के एकीकरण के लिए व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

क्षेत्रीय सहयोग, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना, व्यापार सुविधा को बढ़ावा देने के क्षेत्रों में, हमने हिंद–प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य : चुनौतियों, एशियाई आर्थिक एकीकरण, दक्षिण एशिया में विकास की गतिशीलता की संभावनाओं, दक्षिण एशिया और जीवीसी का पुनरुत्थान, ऊर्जा सुरक्षित दक्षिण एशिया के लिए सीमा पार बिजली व्यापार और क्षेत्रीय बिजली बाजार में बदलाव, बिम्सटेक क्षेत्रीय व्यापार एकीकरण से संबंधित मुद्दों, खनिज सुरक्षा की आपूर्ति सुनिश्चित करना, अनुसंधान कार्यक्षेत्र के तहत भारत–आसियान संबंधों में विभिन्न आयाम तथा आरआईएस में आसियान–भारत केंद्र पर ध्यान केंद्रित किया। चाबहार और गैलाथिया खाड़ी जैसे बंदरगाहों सहित भारत के समुद्री संपर्क से संबंधित अध्ययन ने समुद्री आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने और क्षेत्रीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने के बारे में समझ प्रदान की है।

विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार से संबंधित अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख विषयों में उभरती प्रौद्योगिकियां, एआई नैतिकता, नौकरियों पर प्रभाव, देश की तुलनाएं, वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर एआई शासन और विनियामक चुनौतियां, एआई स्वास्थ्य सेवा और नैतिकता के क्षेत्रीय अनुप्रयोग, सतत विकास लक्ष्यों और समावेशी विकास के लिए एआई, पहुंच, समानता, न्यायसंगतता, समावेशन, आधुनिक जैव प्रौद्योगिकियां और जैव विविधता, आर्कटिक में भारत की सहभागिता, अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत के प्रभाव का विस्तार, स्थानीय स्तर पर कुशल प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम्स के लिए गुंजाइश, सतत विकास लक्ष्यों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) हैं। आरआईएस में पारंपरिक चिकित्सा के मंच के अंतर्गत, अफ्रीका की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों और सहयोग की संभावनाओं, भारत में आयुष सेवा क्षेत्र, मूल निवासी : पहचान और विकास, आयुष एमएसएमई, औषधीय पौधे आदि पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

अनुसंधान के उपर्युक्त एजेंडे के अंतर्गत, आरआईएस ने संबंधित हितधारकों की भागीदारी में कई नीतिगत संवाद आयोजित किए। आरआईएस अनुसंधान के प्रसार के लिए रिपोर्ट, चर्चा पत्र, पत्रिकाएं आदि सहित कई प्रकाशन भी निकाले गए। इन पहलों का विवरण रिपोर्ट के संबंधित अध्यायों में सटीकता से दर्ज किया गया है। बाहरी नीतिगत संवादों और प्रकाशनों में आरआईएस संकाय के योगदान का विवरण भी विधिवत रूप से रिपोर्ट किया गया है।

आरआईएस की 40वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संस्था की समृद्ध विरासत और बौद्धिक योगदान को संक्षेप में प्रस्तुत करने वाले दो विशेष खंडों का विमोचन किया गया। पहला खंड, फोर डिकेड्स ऑफ आरआईएस : विजन एंड इवोल्यूशन, उन व्यक्तियों के विचारों को समेटे हुए है, जो समय–समय पर आरआईएस का मार्गदर्शन करते आए हैं। दूसरा खंड, फोर डिकेड्स ऑफ आरआईएस : कंसेप्चुअल एंड मेथोडोलॉजिकल कंट्रीब्यूशंस –आरआईएस

के बौद्धिक आधार – यानी इसके अनुसंधान संबंधी प्रयासों का लंबे अर्से से मार्गदर्शन करने वाले वैचारिक ढांचे की गहन छानबीन करता है। आरआईएस ने विकास के क्षेत्र में लगातार पनपने वाली नीतिगत अनुसंधान की चुनौतियों का समाधान करने के लिए मौजूदा शोध पद्धतियों और तकनीकों को लगातार अनुकूलित किया है। यह खंड इन पहलुओं का व्यापक अन्वेषण करते हुए पाठकों को आरआईएस के प्रभावशाली योगदान को बढ़ावा देने वाले सैद्धांतिक आधारों की गहन समझ प्रदान करता है। इस खंड में जिन योगदानों के बारे में चर्चा की गई है, उनमें संरक्षण की प्रभावी दर (ईआरपी); स्वास्थ्य सूचकांक; सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के निष्पादन के लिए जीएपी सूचकांक, सामाजिक–आर्थिक आकलन; पहुंच, न्यायसंगतता और समावेशन; असहयोग की कीमत; तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील वस्तुओं का विश्लेषण आदि जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।

पिछले साल की भांति, इस बार भी आरआईएस की वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति के लिए अलग दृष्टिकोण अपनाया गया है। आरआईएस की ओर से साल भर आयोजित की गई समस्त अनुसंधान गतिविधियों और कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा देने के स्थान पर संकाय सदस्यों की युवा टीम ने इस वार्षिक रिपोर्ट के लिए विद्वत्तापूर्ण योगदान तैयार किया है। प्रत्येक अध्याय में हमारे विभिन्न अनुसंधानों और संबंधित गतिविधियों के संदर्भ में हमारे युवा संकाय सदस्यों का एक विचारोत्तेजक निबंध दिया गया है। हम आरआईएस की बहुविध कार्ययोजनाओं को आर्थिक मामलों के राष्ट्रीय, द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, उप–क्षेत्रीय और बहुपक्षीय ढांचे के साथ संदर्भित करते हुए प्रस्तुत करके आरआईएस की वार्षिक रिपोर्ट में बहुमूल्य योगदान देने के लिए उनका आभार प्रकट करते हैं।

हम बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहायता के लिए आरआईएस की शासी निकाय एवं शासी परिषद और अनुसंधान सलाहकार परिषद के सदस्यों का आभार प्रकट करते हैं। आरआईएस के प्रशासन के एक अनूठे तरीके ने संस्थागत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को जीबी/जीसी वित्तीय समिति के स्तर तक उन्नत किया गया है। हम आरआईएस की कार्ययोजना के साथ निरंतर जुड़े रहने के लिए विदेश मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, आयुष मंत्रालय, नीति आयोग, भारत सरकार के अन्य विभागों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदार संस्थानों के प्रति भी आभार प्रकट करते हैं। आरआईएस अनुसंधान और अन्य संबंधित गतिविधियों के कार्यान्वयन में निरंतर सहायता देने के लिए संकाय सदस्यों और आरआईएस प्रशासन, आईटी, प्रकाशन और पुस्तकालय अनुभागों के सभी सहयोगियों को भी धन्यवाद देते हैं।

हमें यकीन है कि आरआईएस की वार्षिक रिपोर्ट शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, व्यवसायियों, नीति निर्माताओं, व्यापार और उद्योग मंडलों के साथ–साथ मास मीडिया बिरादरी द्वारा हमारे अनुसंधान कार्यक्रमों की क्षमता को समझने की दिशा में प्रेरक समझी जाएगी। हम आरआईएस की विभिन्न गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए उनके आभारी हैं।

सचिन चतुर्वेदी

1

स्थिरता

आरआईएस के व्यापार, वित्त और प्रौद्योगिकी से संबंधित वर्टिकल्स में स्थिरता सभी पहलुओं को प्रभावित करने वाले थीम के रूप में उभरी है। वर्ष 2015 में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को अंगीकार किए जाने के बाद से, वैश्विक स्तर पर कार्यान्वयन और राष्ट्रीय स्तर पर स्थानीयकरण पर केंद्रित एक मजबूत कार्य योजना तैयार की गई। एसडीजी 17 को सार्वभौमिक रूप से अविभाज्य और परस्पर आश्रित तरीके से एसडीजी प्राप्त करने का आधार मानने के साथ ही विभिन्न पहलुओं को समाविष्ट कर स्थिरता की अवधारणा का विस्तार किया गया है। इन पहलुओं में पहुंच, समानता और समावेशन (एईआई) के सिद्धांतों पर आधारित प्रौद्योगिकी और वित्त के मजबूत तौर–तरीकों के साथ ही साथ पारिस्थितिकीय स्थिरता और टिकाऊ जीवन शैली (एसडीजी 12) से लेकर टिकाऊ खाद्य प्रणालियां व कृषि (एसडीजी 2), नीली अर्थव्यवस्था (एसडीजी 14) शामिल हैं।

आरआईएस ने सतत विकास के लिए वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करने वाली अदीस अबाबा एक्शन एजेंडा (एएएए) और प्रौद्योगिकी सुविधा तंत्र (टीएफएम) जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं में योगदान दिया है। वित्तपोषण के संबंध में, एसडीजी से संबंधित वित्तपोषण की खामियों और अड़चनों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो ग्लोबल साउथ के देशों के लिए महत्वपूर्ण चिंता का विषय रही हैं, जहां कुछ क्षेत्रों को सतत विकास के लिए आवश्यक वित्तपोषण से निरंतर वंचित रखा गया है। इसी तरह, आरआईएस टीएफएम के संचालन और स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्षमता संबंधी खामियां दूर करने के लिए सतत विकास लक्ष्यों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसडीजी के लिए एसटीआई) पर ग्लोबल पायलट प्रोग्राम का हिस्सा रहा है। इन दीर्घकालिक समस्याओं को अलग–थलग तरीके से हल किया जाता रहा है, लेकिन हाल ही में, विभिन्न वैश्विक समूहों में एक एकीकृत पैटर्न उभर कर आया है। भारत की जी–20 की अध्यक्षता विकास के लिए वित्त, जलवायु वित्त, एसडीजी, विकास संबंधी परिवर्तनों और प्रौद्योगिकी तक पहुंच के गिर्द प्रमुख वैश्विक सरोकारों से दृढ़ता से संबद्ध रही।

लाइफ से लाइफ अर्थव्यवस्था तक

लाइफ (पर्यावरण सम्मत जीवनशैली) की अवधारणा, टिकाऊ जीवनशैलियों तथा अवहनीय उपभोग और उत्पादन की कार्यपद्धतियों को हल करने के महत्व पर जोर देते हुए भारत के जी–20 के एजेंडे के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में उभरी है। लाइफ का विचार साल 2015 में पेरिस

जी–20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के फिनाले का आयोजन आरआईएस द्वारा 26 सितंबर 2023 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया गया। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वविद्यालय के 7,000 से अधिक विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके कुलपतियों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया

में सीओपी 21 के दौरान उपजा, जब भारत के प्रधानमंत्री ने फाइनेंशियल टाइम्स में ''डू नॉट लेट लाइफस्टाइल्स ऑफ द रिच वर्ल्ड डिनाय द ड्रीम्स ऑफ द रेस्ट'' शीर्षक से एक लेख लिखा। इसमें इस बात को रेखांकित किया गया था कि अमीर देशों के उपभोग–प्रेरित कार्बन उत्सर्जन विकासशील देशों की विकास संबंधी आवश्यकताओं को किस प्रकार खतरे में डालते हैं। यूएनईपी की उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट (2023) के अनुसार, वैश्विक उत्सर्जन का 48 प्रतिशत आबादी के सबसे धनी 10 प्रतिशत लोगों के कारण होता है, जो मुख्य रूप से विकसित देशों में रहते हैं, जबकि वैश्विक आबादी के सबसे कम 50 प्रतिशत लोग कुल उत्सर्जन में से केवल 12 प्रतिशत के लिए ही उत्तरदायी हैं। इसके बाद, 2021 के ग्लासगो शिखर सम्मेलन में सीओपी 26 में, प्रधानमंत्री ने ''बुद्धिहीन और विनाशकारी उपभोग की बजाय विचारशील और सोच–विचार कर उपयोग'' की वकालत करते हुए मिशन लाइफ (पर्यावरण सम्मत जीवनशैली) को एक वैश्विक जन आंदोलन के रूप में लॉन्च किया। भारत के वाराणसी में जी–20 देशों के विकास मंत्रियों ने सतत विकास के लिए जीवनशैलियों के संबंध में नौ उच्च–स्तरीय सिद्धांतों (एचएलपी) पर सहमति व्यक्त की। जी–20 नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग, वित्तीय सहायता और प्रौद्योगिकी के विकास, परिनियोजन और प्रसार के माध्यम से इन एचएलपी के कार्यान्वयन का समर्थन किया।

बीते एक साल में, आरआईएस के प्रकाशनों ने स्थिरता और विकास से संबंधित वैश्विक विमर्श में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिन्होंने लाइफ की अवधारणा को अंतरराष्ट्रीय रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें से आरआईएस द्वारा 2023 में प्रकाशित वेलबीइंग, वैल्यू एंड लाइफस्टाइल्सः टुवर्ड्स अ न्यू डेवेलपमेंट पैराडाइम (2023) उल्लेखनीय है, जिसका ओपन एक्सेस

संस्करण इस साल स्प्रिंगर द्वारा प्रकाशित किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध शिक्षाविदों और सार्वजनिक नीति से संबंधित व्यवसायियों द्वारा रचित 23 अध्याय शामिल हैं। विभिन्न हितधारकों, विशेष रूप से विकास कार्य समूह (डीडब्ल्यूजी) और आरआईएस के नेतृत्व वाले थिंक–20 (टी–20) टास्क फोर्स 3 के साथ निरंतर प्रयासों और सहभागिता के माध्यम से, लाइफ की अवधारणा लाइफ अर्थव्यवस्था के सामंजस्यपूर्ण ढांचे के रूप में विकसित हुई है। इस बहुआयामी परिप्रेक्ष्य में पांच प्रमुख पहलू शामिल हैं:

- सतत उपभोग और उत्पादन (एससीपी) की परिपाटियों को बढ़ावा देना। लाइफ मौजूदा असमानताओं को मिटाते हुए सतत उपभोग को अपने केंद्र में रखती है।
- प्राकृतिक पूंजी, बुनियादी जरूरतों, असमानताओं और नकारात्मक पर्यावरणीय बाह्यताओं जैसे कारकों को शामिल करते हुए जीडीपी से परे कल्याण को मापना।
- प्रयासों के स्थानीयकरण को बढ़ावा देते हुए सतत और न्यायसंगत विकास के लिए सामाजिक उद्यमों और सामुदायिक भागीदारी को अपनाना।
- विशेषकर ग्लोबल साउथ के लिए सुदढ़ बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकास वित्त को भेदभाव रहित और नैतिक विचारों की ओर पुनः उन्मुख करना।
- प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देते हुए और वैश्विक शासन को मजबूत बनाते हुए नैतिक और मूल्य–आधारित आर्थिक प्रणालियों को मुख्यधारा में लाना।

टिकाऊ खाद्य प्रणालियां और इनके अंतर्संबंध

आरआईएस टिकाऊ कृषि और खाद्य प्रणालियों से संबंधित मुद्दों और पोषण सुरक्षा के साथ इनकी अंतःसंबद्धता पर प्रबल रूप से ध्यान केंद्रित करता है। विशेषकर भारत की जी–20 की अध्यक्षता के दौरान खाद्य एवं पोषण सुरक्षा बढ़ाने के प्रयासों ने टिकाऊ कृषि को एक महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दे के रूप में महत्व दिया। स्थिरता से संबंधित व्यापक वैश्विक एजेंडे के अनुरूप खाद्य सुरक्षा के लक्ष्यों के साथ खाद्य प्रणालियों में अनुकूलन लाने के लिए नवाचारी दृष्टिकोणों की तलाश करते हुए जी–20 कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) इन चर्चाओं को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। एडब्ल्यूजी के ज्ञान भागीदार के रूप में आरआईएस ने टिकाऊ कृषि और खाद्य सुरक्षा के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय आयामों के बारे में सलाह दी है, जो इस क्षेत्र में भारत के वैश्विक योगदान को आकार देने वाली अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। भारत की जी–20 अध्यक्षता के तरह विभिन्न विश्वविद्यालियों में 101 व्याखानो को आयोजित किया। आरआईएस बाल्यावस्था के शुरुआती पोषण और दीर्घकालिक सामाजिक समानता को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका के साथ–साथ जलवायु–अनुकूल कृषि पद्धतियों की सहायता के लिए वित्तपोषण और नीतिगत तंत्र की आवश्यकता के अध्ययन में संलग्न रहा है। इन व्यापक चर्चाओं ने यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया कि खाद्य प्रणालियां केवल सुरक्षित ही नहीं, अपितु पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ भी होनी चाहिए, जो एसडीजी के साथ संबद्ध सिद्धांत है।

नीली अर्थव्यवस्था

इसी तरह, महासागरों और समुद्री संसाधनों की संधारणीयता भी एक विकट चुनौती प्रस्तुत करती है। नीली अर्थव्यवस्था आर्थिक विकास को सतत विकास के साथ संतुलित करने की दिशा में प्रयासरत एलडीसी और लघु द्वीपीय विकासशील देशों (एसआईडीएस) सहित तटीय देशों के लिए एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करती है। यद्यपि इसमें मछली पकड़ने और समुद्री व्यापार जैसे पारंपरिक क्षेत्र शामिल हैं, लेकिन कृषि, ऊर्जा और विनिर्माण जैसी व्यापक गतिविधियों को एकीकृत करने की जटिलता समुद्री संसाधनों के प्रबंधन के कार्य को कठिन बना देती है। आरआईएस की कार्य योजना ने अक्षमताएं दूर करने, नवाचार को बढ़ावा देने और मजबूत नीली अर्थव्यवस्था हासिल करने के लिए एसडीजी लक्ष्यों के अनुरूप नीतियां बनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। उल्लेखनीय रूप से, नेताओं के नई दिल्ली घोषणापत्र में, जी–20 नेताओं ने टिकाऊ और मजबूत नीली/महासागर आधारित अर्थव्यवस्था के लिए चेन्नई उच्च–स्तरीय सिद्धांतों को अपनाया। एचएलपी सतत आर्थिक विकास, सुरक्षा, संरक्षण, समुद्री पर्यावरण की बहाली और संवहनीय उपयोग, सामाजिक इक्विटी, लैंगिक समानता और मानव विकास के परस्पर संबद्ध मुद्दों को हल करते हैं।

सतत विकास के लिए वित्त और प्रौद्योगिकीय सहयोग

विभिन्न क्षेत्रों में स्थिरता प्राप्त करने के प्रयासों में सहायता के लिए वित्त एवं प्रौद्योगिकी एक आवश्यक रीति है। अदीस अबाबा एक्शन एजेंडा (एएएए) सतत विकास में सहायता के लिए समग्र वित्तपोषण तंत्रों और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की

टास्क फोर्स 3– लाइफ, लचीलापन और कल्याण के लिए मूल्य और टास्क फोर्स 6– एसडीजी में तेजी लानाः 2030 के एजेंडे के लिए नए रास्ते तलाशना के सह–अध्यक्षों की संयक्त बैठक, 1 अगस्त 2023 को आयोजित की गई

आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसे रेखांकित करता है। हालांकि, वित्तपोषण अंतराल एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने इंगित किया है कि एसडीजी वित्तपोषण अंतराल, जो 2020 में 3.9 ट्रिलियन डॉलर था, उसके 2020 से 2025 तक सालाना 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। भारत की जी–20 की अध्यक्षता के तहत, नेताओं के नई दिल्ली घोषणापत्र में विकासशील देशों को वित्तीय प्रवाह बढ़ाने की वकालत करने के साथ ही जलवायु वित्त ने सर्वाधिक ध्यान आकृष्ट किया। इन देशों को जलवायु से संबंधित परियोजनाओं के लिए धन प्राप्त करने में बेतहाशा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें अक्सर उच्च प्रारंभिक लागत, कथित निवेश जोखिम और सतत बुनियादी ढांचे की ज़रूरतों के साथ वित्तीय संसाधनों को संरेखित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

आरआईएस के कार्यों ने विकासशील देशों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए एसडीजी हेतु वित्तपोषण जुटाने के आवश्यक तंत्रों की विस्तृत रूप से पड़ताल की है। ये अल्प विकसित देशों (एलडीसी) द्वारा एसडीजी हासिल करने के लिए आवश्यक ऋण राहत और वित्तपोषण प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक वित्तीय प्रणालियों के पुनर्गठन की आवश्यकता की पड़ताल करते हैं।

इसी तरह, आरआईएस ने सामाजिक–आर्थिक और विकास संबंधी चुनौतियों से निपटने में एसटीआई की भूमिका प्रमाणित करते हुए प्रभावशाली योगदान दिया है। इस संबंध में, आरआईएस ने एसडीजी रोडमैप के लिए एसटीआई के संबंध में संयुक्त राष्ट्र द्वारा शुरू किए गए एक ग्लोबल पायलट प्रोजेक्ट को पूरा किया है। भारत को तीन अन्य अफ्रीकी देशों यथा, इथियोपिया, घाना और केन्या के साथ पायलट देश चुना गया था, मध्य एशिया से सर्बिया भी इस पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा था। एसटीआई फॉर एसडीजी रोडमैप्स फॉर इंडिया शीर्षक वाली यह रिपोर्ट इस संबंध में भारत के अनुभवों को रेखांकित करती है कि कैसे कोई एसटीआई इकोसिस्टम, एसडीजी प्राप्त करने की दिशा में स्वयं को लक्षित कर सकता है। इस अध्ययन में चार केंद्रित एसडीजी 2,3, 6 और 7 को प्राप्त करने हेतु प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की दिशा में भारत के प्रयासों का विवरण दिया गया है। यह रिपोर्ट न्यूयॉर्क, अमेरिका में आयोजित यूएन एसटीआई फोरम (2023) की बैठक के दौरान प्रस्तुत की गई थी और यूएनडीईएसए द्वारा एक सारांश रिपोर्ट भी प्रकाशित की गई है। यूएनडीईएसए द्वारा गाइडबुक ऑन एसटीआई फॉर एसडीजी रोडमैप्स के आगामी और दूसरे संस्करण में अध्यायों का योगदान करने के लिए आरआईएस को भी आमंत्रित किया गया है।

नीति और वकालत

ज्ञान के व्यापक प्रसार और विभिन्न हितधारकों की विचार प्रक्रिया में संयोजन हेतु अनेक सम्मेलन और आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये प्रयास ओईसीडी, यूएनडीपी, यूएनडीईएसए, एयू–एनईपीएडी, एडीबी, एशियाई विकास बैंक संस्थान (एडीबीआई) सहित बहुपक्षीय संगठनों जैसे प्रमुख हितधारकों और वैश्विक समाधान पहलों के साथ–साथ राष्ट्रीय थिंक टैंक और विश्वविद्यालयों को एक साथ लाए। इसने एसडीजी के लिए वित्तपोषण तंत्र, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और वैश्विक शासन पर महत्वपूर्ण चर्चाओं को सुगम बनाया।

आरआईएस में 23 जून 2023 को ''बॉटलनेक्स टू एक्सेस एसडीजी फाइनेंस फॉर डेवेलपिंग कंट्रीज'' रिपोर्ट पर पैनल चर्चा का आयोजन

भविष्य में फोकस की आवश्यकता वाले क्षेत्र

जिस तरह विश्व एसडीजी हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, स्थायी और समावेशी भविष्य को आकार देने में संस्थानों, सरकारों और बहुपक्षीय संगठनों के बीच सहयोगपूर्ण प्रयासों की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी। एसडीजी, विशेषकर एसडीजी–2, 3, 9 और 12 के बीच अंतर्संबंध और परस्पर निर्भरता का और अधिक अन्वेषण किया जाएगा और आरआईएस भारत के आगामी वीएनआर में भी योगदान देगा। इसी तरह, तकनीकी समाधानों को स्थानीय बनाने और ग्लोबल साउथ के देशों को सुलभ वित्त प्रदान करने की रूपरेखा का विश्लेषण करने के लिए कार्यान्वयन के साधनों (एसडीजी 17), वित्त और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आरआईएस की कार्य योजना स्थिरता और एसडीजी के संबंध में विचार प्रक्रिया को आकार देने की दिशा में ऐसे प्रयासों की पूरक है।

प्रमुख कार्यक्रम

- विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों में 101 जी–20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट व्याख्यानों का आयोजन। आरआईएस द्वारा शुरु किए गए जी–20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के फिनाले का आयोजन 26 सितंबर 2023 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया गया। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वविद्यालय के 7,000 से अधिक विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके कुलपतियों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया।
- आरआईएस ने 6 अप्रैल 2023 को, विदेश मंत्रालय (एमईए), यूएन इंडिया और ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी) के सहयोग से कुमारकोम, केरल में ''हरित परिवर्तन की ओरः पर्यावरण सम्मत जीवनशैली (लाइफ) और न्यायोचित हरित परिवर्तन'' विषय पर एक विकास कार्य समूह (डीडब्ल्यूजी) कार्यक्रम आयोजित किया।
- आरआईएस ने 14 अप्रैल 2023 को, ''अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों का समावेशन'' विषय पर टी–20 टास्क फोर्स 3 श्रृंखला का तीसरा सेमिनार आयोजित किया।
- आरआईएस ने 21 अप्रैल 2023 को ''लाइफ के लिए सामुदायिक भागीदारी और पारंपरिक दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाना'' पर केंद्रित टी–20 टास्क फोर्स 3 श्रृंखला का चौथा सेमिनार आयोजित किया।
- आरआईएस ने 28 अप्रैल 2023 को ''नए विकास मॉडल के लिए शहरी–ग्रामीण संबंध'' विषय पर टी–20 टास्क फोर्स 3 श्रृंखला का पांचवां सेमिनार आयोजित किया।
- आरआईएस ने 15 मई 2023 को, टी–7 के टास्क फोर्स 2 वैश्विक समाधान पहलों और जीआईजेड के साथ साझेदारी में बर्लिन में वैश्विक समाधान शिखर सम्मेलन में ''लाइफ और कल्याण के लिए आर्थिक और प्रणालीगत परिवर्तन'' पर एक साइड इवेंट आयोजित किया।

- आरआईएस ने 22 जून 2023 को पेरिस में ओईसीडी और फोर्थ सेक्टर ग्रुप के साथ मिलकर एक अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजित किया।
- आरआईएस ने 28 जून 2023 को सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए 2030 एजेंडा के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के अंतर्गत ''इंडियाज जी–20 प्रेसिडेंसी एंड सस्टेनेबल डेवेलपमेंट इन द हिमालयाजः ऑपरट्यूनिटीज एंड स्ट्रेटेजीज'' शीर्षक से एक नीतिगत सारांश जारी किया।
- आरआईएस और एशियाई विकास बैंक संस्थान (एडीबीआई) ने 30 जुलाई 2023 को मैसूर में थिंक 20 शिखर सम्मेलन के दौरान टी–7 और टी–20 नेतृत्व की एक बैठक आयोजित की, जिसमें जी–7/जी–20 संयुक्त कार्रवाई आह्वान – बहु–संकट समाधान और 2030 एजेंडा पुनर्जीवित करने के बारे में विचार–विमर्श किया गया।
- आरआईएस ने 1 अगस्त 2023 को मैसूर में टी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान टास्क फोर्स 3 (लाइफ, लचीलापन और कल्याण के लिए मूल्य) और टास्क फोर्स 6 (एसडीजी में तेजी लानाः 2030 एजेंडा के लिए नए रास्ते तलाशना) के सह–अध्यक्षों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की।
- आरआईएस ने 9 सितंबर 2023 को फोर्थ सेक्टर ग्रुप के साथ मिलकर एक हाइब्रिड गोलमेज चर्चा आयोजित की, जिसमें आगामी लाइफ अर्थव्यवस्था रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- आरआईएस ने 15 सितंबर 2023 को, जी–20 नेताओं के नई दिल्ली घोषणापत्र पर एक वेबिनार का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था ''वे फॉरवर्ड फॉर लाइफ एंड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर रेसिलिएंस।''
- आरआईएस द्वारा आयोजित जी–20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का फिनाले 26 सितंबर 2023 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के साथ ही जी–20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट व्याख्यान श्रृंखला का समापन हो गया। इस अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वविद्यालय के 7,000 से अधिक विद्यार्थियों और उनके कुलपतियों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया।
- आरआईएस की ओर से जी–20 सचिवालय, विदेश मंत्रालय (एमईए) और इंडोनेशिया गणराज्य के सहयोग से 26 से 28 नवंबर 2023 तक विज्ञान भवन, नई दिल्ली में, 'लाइफ अर्थव्यवस्था पर वैश्विक शिखर सम्मेलनः सिद्धांतों से कार्रवाई तक' का आयोजन किया गया।
- आरआईएस ने 15 नवंबर 2023 को अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई के साथ साझेदारी में अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई में ''जी–20 नेताओं का नई दिल्ली घोषणापत्र और उभरती विश्व व्यवस्था'' शीर्षक से एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया।
- आरआईएस द्वारा एमिटी यूनिवर्सिटी, दुबई, यूएई में 6 दिसंबर 2023 को ''लाइफ और वैश्विक एजेंडाः जी–20 और सीओपी–28 स्थिरता लिंक'' शीर्षक से एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

प्रमुख प्रकाशन

पुस्तकें /रिपोर्ट्स

- वेलबीइंग, वैल्यूज एंड लाइफस्टाइल्स, टुअर्ड्स अ न्यू डेवेलपमेंट पैराडाइम, आरआईएस, नई दिल्ली, 2023
- द ग्रैंड सक्सेस ऑफ जी–20 भारत प्रेसीडेंसी, आरआईएस, नई दिल्ली , 2023
- जी–20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट एंगेजिंग यंग माइंड्स, आरआईएस, नई दिल्ली, 2023

चर्चा पत्र

- 287ः एसडीजी टार्गेट्स 2.2 एंड 4.2 अर्ली चाइल्डहुड न्यूट्रिशन एंड एजुकेशनः बेडरॉक ऑफ लाइफ–लॉन्ग इक्विटी बाइ प्रमोद कुमार आनंद एंड कृष्ण कुमार

2

ग्लोबल दक्षिण

ग्लोबल साउथ अब पहले से कहीं ज्यादा आश्वस्त, ज्यादा सक्रिय रूप अख्तियार कर चुका है और इसके द्वारा उठाए जाने वाले कदम इसकी क्षमताओं पर आधारित होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप यह अब ज्यादा रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाता और न ही अपनी बात रखने में संकोच करता है, तथा विकल्पों का चयन करने और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मसलों पर अपना पक्ष रखने का इच्छुक बन चुका है। वैश्विक स्तर पर जिम्मेदार प्रतिभागी होने के नाते भारत ने दक्षिण–दक्षिण सहयोग (एसएससी) शीर्षक के अंतर्गत विभिन्न पहलों के जरिए मांग द्वारा संचालित तरीके से ग्लोबल साउथ की क्षमताओं और सामर्थ्यों को मजबूत एवं सशक्त बनाने में समुचित भूमिका निभाई है। इस उद्देश्य के लिए भारत द्वारा अपनाए गए विभिन्न तौर–तरीकों को 'डेवेलपमेंट कॉम्पैक्ट' या विकास संविदा कहा जाता है। एसएससी से संबंधित गतिविधियां संचालित करने के लिए विकास के लिए व्यापार, निरंतर वृद्धि हेतु क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी साझाकरण, तथा परियोजना–विशेष से संबंधित रियायती ऋण तथा अनुदानों के तौर–तरीकों को अंतःपरिवर्तनीय प्रकार से प्रयुक्त किया जाता है। कैलेंडर वर्ष के दौरान आरआईएस की कार्य योजना एसएससी के संबंध में भारत के उत्साह का प्रमाण है, जो ग्लोबल साउथ में हमारे साझेदारों के साथ काम करने की ओर उन्मुख हैं। इन गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित खंड में विस्तारपूर्वक दिया गया है।

परिचय

ग्लोबल साउथ ने अपनी विकास यात्रा का लंबा फासला तय किया है और अब इसे वैश्विक समस्याओं के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान प्रदाता माना जाता है। दक्षिण–दक्षिण व्यापार के आंकड़ों सहित इसके आर्थिक विस्तार का उत्तर–दक्षिण व्यापार से आगे निकल जाना इसकी उन्नति का प्रमाण है। साथ ही, बहुपक्षीय क्षेत्र में ग्लोबल साउथ की विस्तारशील और महत्वपूर्ण राजनीतिक उपस्थिति भी काबिले गौर है। ग्लोबल साउथ और उससे जुड़ी विकास संबंधी चुनौतियां आरआईएस की कार्य योजना का एक महत्वपूर्ण आयाम हैं, जहां ग्लोबल साउथ के नज़रिए से आर्थिक शासन, व्यापार निवेश और आर्थिक सहयोग, व्यापार सुविधा कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय सहयोग, तथा नई प्रौद्योगिकियों और विकास के

प्रधानमंत्री ने 17 नवंबर 2023 को दक्षिण ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का आभासी रूप से शुभारंभ किया

मुद्दों का विश्लेषण किया जाता है। साल 2023 में भारत अपनी जी–20 की अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल साउथ की विकास संबंधी चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करने में सफल रहा। लगभग एक दशक के बाद, 'विकास' का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण बन गया, जिसके लिए 2011 में दक्षिण कोरिया ने ईमानदार कोशिश की थी, जब शेरपा ट्रैक को वित्तीय ट्रैक में जोड़ा गया।

ग्लोबल साउथ के उदय, उसकी महत्वाकांक्षाओं और उनसे जुड़ी चुनौतियों को आरआईएस के प्रकाशनों, संगोष्ठियों, परामर्शों, कार्यशालाओं और सहभागिताओं द्वारा समाधान–आधारित और दूरदर्शी तरीके से बखूबी व्यक्त किया गया है। जी–20 में ग्लोबल साउथ की सार्थक उपस्थिति की ओर उन्मुख भारत की चार–आयामी रणनीति विकासशील देशों के सरोकारों और चुनौतियों को शामिल करने के रूप में प्रदर्शित हुई। दूसरे, भारत ने लचीलेपन और मुखरता के मिश्रण वाली वार्ता की रणनीति अपनाई, जिसने भारत को भू–राजनीतिक फॉल्ट लाइन से बचाया। तीसरे, मजबूत आउटरीच, संचार और प्रसार की रणनीति अपनाई गई जिसमें समूचा ग्लोबल साउथ शामिल था। और अंत में, भारत ने देश के भीतर जन भागीदारी के तहत जनता की भागीदारी सुनिश्चित की और ग्लोबल साउथ को वैश्विक स्तर पर संलग्न किया।

भारत ने अपने कथनों को अमल में लाते हुए अफ्रीकी संघ को जी–20 के 21वें सदस्य के रूप में शामिल कराया और दो वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट्स (वोग्स) का आयोजन किया। इन शिखर सम्मेलनों में अधिकांश विकासशील देशों को अपने दृष्टिकोण साझा करने के लिए शामिल किया गया। दोनों वोग्स का आयोजन बिल्कुल मुनासिब समय पर किया गया, पहला वोग्स भारत की अध्यक्षता की शुरुआत में आयोजित किया गया और इसके परिणामस्वरूप ग्लोबल साउथ के सरोकारों और चुनौतियों का संकलन और संग्रह संभव हुआ। जी–20 के स्तर पर इन सरोकारों और चुनौतियों के सामने आते ही, भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान सक्रिय और विचारशील रूप से इनका समाधान तलाशने की कोशिश की तथा अपनी अध्यक्षता के अंत में, भारत ने दूसरा वोग्स आयोजित किया, जिसने ग्लोबल साउथ के लिए समाधान आधारित रास्ता प्रदान किया। दूसरे वोग्स के दौरान ही भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल साउथ की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों में बदलाव लाने में सक्षम स्केलेबल और टिकाऊ समाधानों की पहचान और कार्यान्वयन में संबंधित हितधारकों और साझेदारों की सहायता के प्रयास के तहत दक्षिण– द ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (जीएससीई) का शुभारंभ किया। इस बात पर गौर करते हुए कि आरआईएस 1983 में अपनी स्थापना के बाद से ही ग्लोबल साउथ की उन्नतिशील विरासत को

आगे बढ़ा रहा है तथा विकासशील देशों की समस्याओं के साथ इसकी निरंतर संबद्धता बनी हुई है, भारत सरकार ने आरआईएस में दक्षिण की स्थापना की है। वर्ष 2023–2024 में आरआईएस ने विकासशील देशों के साथ साझेदारी के जरिए ग्लोबल साउथ की समस्याओं और चुनौतियों का सहयोगपूर्ण रूप से समाधान करने के अपने मूलभूत दायित्व को निभाना जारी रखा। दक्षिण के उद्देश्यों में स्वास्थ्य, कृषि और डिजिटल समाधानों के क्षेत्रों में कार्यशालाएं आयोजित करना शामिल है।

जीएससीई ने तीन ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन किया, जिनमें भारत और ग्लोबल साउथ के शिक्षा जगत, थिंक टैंक, सिविल सोसायटी और नीति निर्धारण के क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं ने ग्लोबल साउथ में स्वास्थ्य, कृषि और डिजिटल क्षेत्रों की समस्याओं और चुनौतियों के बारे में विचार–विमर्श के एक मंच की भूमिका निभाई और इन तीनों क्षेत्रों की चुनौतियों के संभावित समाधानों का एक संग्रह संकलित करने हेतु दक्षिण के लिए एक मंच प्रदान किया। इन आभासी कार्यशालाओं

का उद्देश्य भारत और ग्लोबल साउथ के अन्य देशों के इन तीनों क्षेत्रों से संबंधित नवोन्मेषी समाधानों, सर्वोत्तम पद्धतियों, सफल प्रमुख योजनाओं के बारे में विचार–विमर्श चर्चा करना था।

दक्षिण–दक्षिण सहयोग और विकास संविदा

दक्षिण–दक्षिण सहयोग (एसएससी) ने ग्लोबल साउथ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत अपनी स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले से ही एसएससी में अपनी भूमिका निभाता रहा है और पिछले कुछ वर्षों में एसएससी से संबंधित भारत की गतिविधियों और परियोजनाओं का मात्रा और भौगोलिक प्रसार की दृष्टि से विस्तार हुआ है। आरआईएस के एक अध्ययन के अनुसार, भारत वर्तमान में ग्लोबल साउथ में विभिन्न साझेदार देशों को सालाना लगभग 7.5 बिलियन डॉलर प्रदान करता है। एसएससी के अलावा, त्रिकोणीय सहयोग का तौर–तरीका ग्लोबल साउथ में एसडीजी हासिल करने की दिशा में एक प्रमुख परिचालन उपकरण के रूप में उभरा है, जहां दक्षिण का एक देश महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

ठीक उसी समय आरआईएस ने त्रिकोणीय सहयोग पर एक क्षमता विकास कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया। यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग की रूपरेखा के भीतर इस तौर–तरीके के उभरते महत्व को स्वीकार करते हुए वर्तमान में जारी व्यापक आरआईएस–जीआईजेड अध्ययन का एक अभिन्न अंग था। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को त्रिकोणीय सहयोग और उससे संबंधित तौर–तरीकों की एकीकृत करने और बहुआयामी समझ की ओर उन्मुख करने के लिए बनाया गया था। इसी तरह, आरआईएस ने त्रिकोणीय सहयोग के संबंध में एशियाई सहयोग पर अपनी तरह का पहला सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में सभी पक्षों की तकनीकी व्यवहार्यता और तकनीकी विशेषज्ञता की पड़ताल की गई तथा इस बात पर भी विचार किया गया कि वे एसडीजी की प्राप्ति में– तथा उनसे आगे भी किस प्रकार योगदान दे सकते हैं।

ग्लोबल साउथ के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए भारत ने 17 अगस्त 2024 को तीसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट आयोजित किया। इस शिखर सम्मेलन ने नेताओं के लिए चुनौतियां और भविष्य के दृष्टिकोण को साझा करने का एक मंच प्रदान किया, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्लोबल साउथ के लिए 'ग्लोबल डेवेलपमेंट कॉम्पैक्ट' की घोषणा की।

ये तौर–तरीके हैं: विकास के लिए व्यापार/व्यापार को हमेशा से ही वृद्धि और विकास का वाहक माना जाता रहा है। ग्लोबल साउथ के लिए 'विकास समझौते' के अंतर्गत यह तौर–तरीका वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य व्यापार से आगे बढ़कर ग्लोबल साउथ के देशों को व्यापार सुविधा और व्यापार संवर्धन पहल में सहायता करने सहित उन्हें व्यापार वित्त प्रदान करने और ड्यूटी फ्री कोटा फ्री (डीएफक्यूएफ) योजना के तहत टैरिफ लाइन प्रदान करने तक जाता है।

निरंतर वृद्धि हेतु क्षमता निर्माणः परंपरागत रूप से ग्लोबल साउथ ने अपने मानव संसाधनों की क्षमताएं बढ़ाने में चुनौतियों का सामना किया है। निरंतर वृद्धि हेतु क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम स्पष्ट रूप से सरल प्रशिक्षण मॉड्यूल से उत्पन्न हुए हैं, जो मार्गदर्शन और तकनीकी विशेषज्ञता साझा करने; वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान के अधिक अत्याधुनिक क्षेत्रों, प्रबंधन, प्रशासन, नीति और वैश्विक शासन जैसे पेशेवर क्षेत्रों तक विस्तारित करने के प्रति लक्षित हैं।

प्रौद्योगिकी साझाकरणः ग्लोबल साउथ के विकास की राह में आने वाली अन्य कमियों में किफायती, प्रभावी और अनुकूलन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच का अभाव शामिल है। ग्लोबल साउथ के लिए 'विकास समझौते' के क्षेत्र में यह तौर–तरीका साझा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं, ज्ञान के सह–सृजन, तकनीकी संस्थानों की स्थापना और साझा स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास के माध्यम से ग्लोबल साउथ को उसके वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करेगा।

परियोजना–विशेष से संबंधित रियायती वित्त और अनुदानः ग्लोबल साउथ के देशों के लिए वहनीय ब्याज दरों पर वित्त की उपलब्धता तथा विकास के लिए अनुदान तक पहुंच का अभाव रहा है। 'विकास समझौते' के इस तौर–तरीके का उद्देश्य संकट के समय देशों को ऋण, अनुदान, ऋण निरस्तीकरण और मानवीय सहायता प्रदान करके इस संबंध में खामियों को दूर करना है।

आरआईएस ने ग्लोबल साउथ और 'विकास समझौते' पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें विभिन्न तौर–तरीकों और क्षेत्र विशेष की विशिष्टताओं के माध्यम से दक्षिण–दक्षिण सहयोग के मूलतत्व को शामिल किया गया।

आस–पड़ोस और क्षेत्रीय सहभागिताएं

भारतीय विदेश नीति की व्यापक रूपरेखा के अनुसार, भारत

का आस—पड़ोस हमेशा से ही उसका मुख्य फोकस रहा है, और 1983 में अपनी स्थापना के बाद से ही आरआईएस ने व्यापक ग्लोबल साउथ पर ध्यान केंद्रित करने के साथ—साथ क्षेत्र के विकास संबंधी परिप्रेक्ष्य की ओर भी रुख किया है। इन चार दशकों में, आरआईएस बौद्धिक योगदान के एक केंद्र के रूप में उभरा है, जिसने क्षेत्रीय सहयोग, ग्लोबल साउथ नेतृत्व और सतत विकास को आकार देने में केंद्रित भूमिका निभाई है। इसी परंपरा को बरकरार रखते हुए आरआईएस ने दक्षिण एशियाई एकीकरण के मुद्दों पर एक विशाल—सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में संगठन के प्रभावपूर्ण प्रयासों, सहयोगपूर्ण साझेदारी तथा दक्षिण एशिया और उससे परे लोगों की बेहतरी के लिए सार्थक संबंधों को बढ़ावा देने के प्रति संकल्पबद्धता के बारे में विचार—विमर्श किया गया। इसके सत्रों के दौरान दक्षिण एशिया में वृहद—अर्थव्यवस्था और आर्थिक लचीलेपन, क्षेत्र में व्यापार और निवेश एकीकरण के रुझान और दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग के विकास और अनुभव जैसे विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों को कवर किया गया। समानांतर सत्रों में एसडीजी, कृषि और महिला—नेतृत्व वाले विकास शामिल थे। दक्षिण एशिया के लिए वित्तीय क्षेत्र के सहयोग के साथ—साथ कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा के बारे में चर्चा की गई। इसके अलावा, आरआईएस ने इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवेलपमेंट (आईएचडी) और नीति आयोग के सहयोग से ग्लोबल साउथ में मानव विकास को आगे बढ़ाने की ओर उन्मुख एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

भविष्य में फोकस की आवश्यकता वाले क्षेत्र

आरआईएस मांग—संचालित और सहयोगपूर्ण तरीके से ग्लोबल साउथ की बेहतरी और विकास के लिए प्रयास करना जारी रखेगा। दक्षिण ने पूर्व में सुवा से लेकर पश्चिम में सैंटियागो डे चिली और उनके बीच में ग्लोबल साउथ के सभी देशों के थिंक टैंकों के साथ संबद्ध होते हुए अपनी यात्रा का आागज किया है। इन थिंक टैंकों के साथ परस्पर हित के प्रसंगों और समस्याओं पर संयुक्त शोध, प्रकाशन और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संयुक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण—जीएससीई शिक्षा, बैंकिंग और वित्त, कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु वित्त तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध एवं ज्ञान के प्रसार को शामिल करने के लिए स्वास्थ्य, कृषि और डिजिटल समाधान पोर्टफोलियो की अपनी वर्तमान कार्य योजना में विस्तार करेगा। आरआईएस की प्रमुख पत्रिका डेवेलपमेंट कोऑपरेशन रिव्यू अब अपने प्रकाशन के सातवें वर्ष में है और स्पेनिश भाषा में इसका एक विशेष अंक निकालने की योजना बनाई जा रही है जिसका शुभारंभ आगामी महीनों में अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, मैक्सिको और पैराग्वे के लैटिन अमेरिकी देशों में किया जाएगा

प्रमुख कार्यक्रम

- आरआईएस ने अपनी 40वीं वर्षगांठ मनाई। इस उपलब्धि के अवसर पर कई उच्च स्तरीय सम्मेलन और कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 9–10 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित ''दक्षिण एशियाई एकीकरणः रुझान और आगे की राह'' पर एक विशाल सम्मेलन का आयोजन भी शामिल रहा।
- जीआईजेड ने आरआईएस और जीपीआई की साझेदारी में 2–3 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में त्रिकोणीय सहयोग पर पहला एशियाई सम्मेलन (एसीटीआरसी) आयोजित किया। इसका उद्देश्य संवाद को बढ़ावा देना और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) हासिल करने के लिए रोडमैप तैयार करना था।
- आरआईएस ने इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवेलपमेंट (आईएचडी) और नीति आयोग के सहयोग से 11–13 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में "ग्लोबल कॉन्क्लेव 2024ः ग्लोबल साउथ में मानव विकास को बढ़ावा देना" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।
- दक्षिण द्वारा 17 जनवरी, 2024 को आगामी प्रथम दक्षिण सम्मेलन की तैयारी हेतु कृषि संबंधी मुद्दों पर केंद्रित एक आभासी कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- फरवरी 2024 में प्रथम दक्षिण सम्मेलन ''वैश्विक समृद्धि के लिए ग्लोबल साउथ : समावेशी विकास के लिए सामूहिक प्रयासों का लाभ उठाना''विषय पर केंद्रित रहा।
- 2 फरवरी, 2024 को स्वास्थ्य क्षेत्र पर एक ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें ग्लोबल साउथ के अनेक देशों ने भाग लिया।
- दक्षिण ने 28 फरवरी, 2024 को डिजिटल समाधानों पर अपनी तीसरी ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया।
- 12–14 फरवरी, 2024 को त्रिकोणीय सहयोग पर एक क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहयोग के ढांचे के भीतर इस पद्धति के महत्व पर व्यापक आरआईएस–जीआईजेड अध्ययन के अंतर्गत किया गया।

प्रमुख प्रकाशन

चर्चा पत्र

- #291ः इंडियाज जी–20 प्रेसिडेंसी ऐज अ वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ, सुशील कुमार

पत्रिकाएं

- जी–20 डाइजेस्ट
- डेवेलपमेंट कोऑपरेशन रिव्यू खंड 6 संख्या 2 अप्रैल–जून 2023
- डेवेलपमेंट कोऑपरेशन रिव्यू खंड 6 संख्या 3 जुलाई–सितंबर 2023
- डेवेलपमेंट कोऑपरेशन रिव्यू खंड 6 संख्या 4 अक्टूबर–दिसंबर 2023
- डेवेलपमेंट कोऑपरेशन रिव्यू खंड 7 संख्या 1 जनवरी–मार्च 2023

3

व्यापार और विकास

आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों, जलवायु परिवर्तन और बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी विशिष्टताओं वाले मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में स्थिरता के सिद्धांतों पर आधारित व्यापार और निवेश की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो चुकी है। जिस तरह अर्थव्यवस्थाएं उबरने और पुनर्निर्माण का प्रयास कर रही हैं, ऐसे में पर्यावरणीय और सामाजिक अनिवार्यताओं से निपटते हुए समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता है। विशेषकर ग्लोबल साउथ में अनुकूलन और समानता बढ़ाने के लिए व्यापार पद्धतियों की पुनः पड़ताल किए जाने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, आरआईएस व्यापार से संबंधित प्रमुख नीतिगत मुद्दों जैसे–मुक्त व्यापार समझौतों, निवेश सुविधा और क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण के बारे में विचार–विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। बीते एक साल में, इसने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारियों, अत्याधुनिक नीतिगत अनुसंधान, क्षमता निर्माण से जुड़ी पहलों और जमीनी स्तर के हितधारकों के साथ मजबूत सहभागिता के माध्यम से विकासशील देशों को अपनी व्यापार और निवेश संबंधी नीतियों को आकार देने हेतु सशक्त बनाने के प्रयासों की अगुवाई की है।

मूल्य श्रृंखलाएं

समकालीन व्यापार ढांचा खुद को वैश्विक रूप से दिलचस्प बहुत बड़े परिवर्तनों के कगार पर पा रहा है। इन परिवर्तनों का मुख्य कारण प्रौद्योगिकी का बदलता स्वरूप और इसके बाद क्षेत्रों तथा उप–क्षेत्रों में लेनदेन की लागतों में कमी है। इस संदर्भ में, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) का उद्भव एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। लागत में कटौती तथा विशिष्टता के औचित्य से प्रेरित उत्पादन–साझाकरण के विचार की प्रविष्टि अब विशेष रूप से मोबाइल फोन, सेमीकंडक्टर, चॉकलेट, रेडीमेडपरिधानों आदि जैसी वस्तुओं के व्यापार में हो चुकी है। दरअसल, कुछ अनुमानों के अनुसार, लगभग 70 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय व्यापार विविध भौगोलिक स्थानों के बीच अत्यधिक पेंचदार मूल्य श्रृंखलाओं से होकर गुजरता है, जिनमें सेवाओं, कच्चे माल, कल–पुरजों आदि में लेन–देन शामिल है। जीवीसी आधारित वस्तुओं में वृद्धि विनिर्माण और कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन के प्रमुख नोड के रूप में उभर रहे भारत जैसे विकासशील देशों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करती है। क्षेत्रीय स्तर पर बिम्सटेक में कृषि क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं देखी गई हैं। यह क्षेत्र में कृषि

राजदूत वी.एस. शेषाद्रि की पुस्तक 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्सः इंडिया एंड द वर्ल्ड' पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री दम्मू रवि, सचिव (आर्थिक संबंध), विदेश मंत्रालय भी मौजूद रहे

संबंधी महत्वपूर्ण विकास का साक्षी बना है, जिसने इस क्षेत्र में बढ़ती समृद्धि और बेहतर जीवन स्तर में पुख्ता योगदान दिया है। विशेष रूप से कृषि में अंतर–क्षेत्रीय व्यापार से खासकर उच्च मूल्य और प्रौद्योगिकी गहन क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है। वर्तमान में जारी पोषण रूपांतरण से प्रेरित क्षेत्र ने विशिष्ट खंडों में विशेषज्ञता हासिल करने तथा अतिरिक्त प्रसंस्करण के लिए अर्ध–परिष्कृत उत्पादों का निर्यात कर रहे देशों के साथ व्यापक कृषि मूल्य श्रृंखला प्रक्रियाओं को अंगीकार किया है। इसके परिणामस्वरूप, मछली, मांस और चाय जैसे बहुतायत क्षेत्रों में क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखलाओं का विकास सुस्पष्ट है। स्पष्ट रूप से, क्षेत्र का पर्याप्त उत्पादन आधार, प्रसंस्करण क्षमताएं और बाजार का विशाल आकार उसे वैश्विक कृषि जीवीसी का प्रमुख हब बनाने की स्थिति में लाते हैं। इसके अतिरिक्त, बिम्सटेक क्षेत्र के भीतर प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से इस वृद्धि को और बढ़ावा मिलने की संभावना है, जिससे एशिया में कृषि संबंधी जीवीसी की वृद्धि में मदद मिलेगी। निकट भविष्य में, एफटीए वार्ताओं से क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखलाओं को महत्वपूर्ण लाभ मिल सकता है। वर्तमान में जारी इस मंथन के साथ, आरआईएस में हुई अनेक चर्चाओं ने व्यापक व्यापार ढांचे में मूल्य श्रृंखलाओं की क्षमताओं और दायरे की पड़ताल करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है, जिसमें एफटीए प्रमुख रूप से इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे हैं।

निर्यात केंद्र के रूप में जिले

इधर, भारत की नवीनतम व्यापार नीति ने निर्यात केंद्र के रूप में जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकेंद्रीकरण की अवधारणा को अपनाया है। ''निर्यात केंद्र के रूप में जिले'' (डीईएच) पहल को विशिष्ट क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा देने, देश के निर्यात आधार में विविधता लाने तथा ग्रामीण एवं अर्ध–शहरी क्षेत्रों में आर्थिक विकास के अवसरों का सृजन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। निर्यात संवर्धन प्रयासों को विकेंद्रीकृत करते हुए भारत का लक्ष्य आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और आर्थिक लाभों का पूरे देश में समान वितरण सुनिश्चित करना है। डीईएच पहल स्थापित केंद्रों से भी बढ़कर अप्रयुक्त निर्यात क्षमताओं वाले कम ज्ञात क्षेत्रों को लक्षित करती है। हाल ही में इस विषय पर एक चर्चा पत्र में इस बात पर गौर किया गया है कि वर्ष 2021 में भारत का लगभग 80 प्रतिशत निर्यात 19 राज्यों के 70 जिलों में केंद्रित रहा। दरअसल, शीर्ष 10 जिले भारत के निर्यात के 38 प्रतिशत भाग के लिए उत्तरदायी रहे। इस प्रकार की वृद्धि से उत्साहित होकर, जिलों को अपने स्वयं के विशिष्ट निर्यातोन्मुख उद्योग विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनका भारत के वैविध्यपूर्ण उत्पादों की रेंज को प्रदर्शित करने की व्यापक रणनीति के तहत वैश्विक स्तर पर विपणन किया जाएगा।

भारतीय व्यापार नीति के प्रति विकेंद्रीकृत दृष्टिकोण, भारत की निर्यात रणनीति को अधिक समावेशी और अपने विविध क्षेत्रों की अनूठी जरूरतों के प्रति उत्तरदायी बनाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करके और जिलों को निर्यात–उन्मुख उद्योग विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करके भारत, क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए वैश्विक बाजारों में बेहतर स्थिति में होगा। अन्य देशों के सफल मॉडलों से प्रेरणा लेते हुए, यह पहल भारत के निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक रणनीतिक कदम का प्रतिनिधित्व करती है।

व्यापार और स्थिरता

स्थिरता वैश्विक व्यापार में चिंता का मुख्य विषय बन चुकी है, ऐसे में विकासशील देशों को विकसित देशों द्वारा थोपे गए कड़े पर्यावरणीय मानदंड पूरे करने की अतिरिक्त चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ की क्रॉस–बॉर्डर कार्बन टैक्स जैसी व्यवस्थाओं के लिए देशों को अधिक टिकाऊ उत्पादन पद्धतियां अपनानी पड़ती है या फिर प्रमुख बाजारों तक पहुंच खो देने का जोखिम उठाना पड़ता है। ये नई आवश्यकताएं देशों की स्वयं के विकास लक्ष्यों का अनुसरण करने के साथ ही साथ अपने व्यापार संबंधी परिचालनों को वैश्विक स्थिरता मानकों के अनुरूप बनाने की आवश्यकताओं को भी रेखांकित करती हैं। इस संदर्भ में, आरआईएस द्वारा आयोजित एक दिवसीय चर्चा में ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में निर्यात से संबंधित स्थिरता मानकों के संभावित प्रभाव के बारे में चेताया गया, जिसमें 15–16 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत सहित विकासशील देश यह दलील देते हुए व्यापार समझौतों में कड़े पर्यावरण मानकों को शामिल किए जाने का विरोध करते रहे हैं कि ये प्रावधान उनके औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास को अवरुद्ध कर सकते हैं। हालांकि, जैसे–जैसे पर्यावरण संबंधी सरोकार वैश्विक मंच पर अधिक आवश्यक बनते जा रहे हैं, वैसे–वैसे अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ये देश अपने रुख में धीरे–धीरे बदलाव ला रहे हैं। विकसित देशों के साथ अधिक प्रभावी ढंग से सहभागिता करने की आवश्यकता से प्रेरित इस मुद्दे से संबंधित एक चर्चा पत्र ने व्यापार और पर्यावरण नीतियों के विलय के प्रति भारत के शुरुआती विरोध में स्पष्ट बदलाव को रेखांकित किया है। विकसित देशों द्वारा अपने व्यापार समझौतों में कड़े पर्यावरण मानकों को शामिल किए जाने के साथ, भारत ने वैश्विक बाज़ारों में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए इन मानकों के अनुरूप बनने के महत्व को पहचाना है। फिर भी, भारत की प्रतिबद्धताएं विकसित देशों की अपेक्षाओं विशेष रूप से यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और कनाडा के साथ जारी वार्ताओं में पिछड़ रही हैं। यह भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण मानकों को अपनाने और अपनी घरेलू आर्थिक अनिवार्यताओं की रक्षा करने के बीच नाजुक संतुलन बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करती है।

व्यापार सहयोग

क्षेत्रीय स्तर पर, समकालीन नीतिगत विमर्श में इन प्रस्तावों पर मंथन किया जा रहा है कि एशिया और उसके उप–क्षेत्रों में व्यापार एवं निवेश किस प्रकार विकास का आधार बन सकते हैं। आरआईएस के हाल के प्रकाशनों ने उन प्रमुख संभावनाओं का आकलन किया है, जो दक्षिण एशिया क्षेत्र में तीव्र विकास चक्र को प्रोत्साहित करने की क्षमता रखती हैं।

आरआईएस ने 26 दिसंबर 2023 को "एफटीए के विश्लेषण के लिए व्यापार प्रक्रियाओं को और अधिक कुशल कैसे बनाया जाए" विषय पर परामर्श का आयोजन किया

एक अध्ययन में जटिल वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) के सार्वभौमिक उत्थान और वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी–गहन वस्तुओं के व्यापार में संबद्ध वृद्धि का उल्लेख किया गया है। वैश्विक व्यापार संरचना में इन बदलावों ने व्यापार के पारंपरिक पैटर्न में क्षेत्रीय बदलाव को सक्षम किया है, जिसके फलस्वरूप दक्षिण एशिया में उत्पादन और व्यापार एकीकरण के अवसरों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध हुई है। अतीत में, दक्षिण कोरिया, चीन, ताइवान, थाईलैंड, मलेशिया, वियतनाम, आदि जैसे पूर्वी और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों ने वैश्विक उत्पादन नेटवर्क में सम्मिलित होने के लिए अपनी मुक्त व्यापार और निवेश नीति का लाभ उठाया था। यद्यपि उसी दिशा में बढ़ते हुए भारत अभी तक अपनी उत्पादन प्रणालियों को मूल्य श्रृंखलाओं में निहित नहीं कर पाया है। इस प्रकार, भारत को जीवीसी–उन्मुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के लिए, क्षेत्रीय एकीकरण रोडमैप को व्यापार सुविधा उपायों से जोड़ना होगा, ताकि पूर्वानुमानित नीतिगत माहौल को बढ़ावा दिया जा सके। इस मुद्दे पर एक अन्य समीक्षा में रेलवे, बंदरगाहों और भूतल परिवहन प्रणालियों के माध्यम से मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी का लाभ उठाने में भारत–पश्चिम एशिया–यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) जैसी पार–क्षेत्रीय एकीकरण पहलों के महत्व पर गौर किया गया है। एशिया में, ऐसी पहलों ने बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाकर, उन्हें लागत प्रतिस्पर्धी निर्यात और मजबूत मूल्य श्रृंखला संपर्कों में तब्दील करके समृद्ध होने में सक्षम रहे 'विकास त्रिकोण' के उदय का प्रबंधन किया है। आरआईएस द्वारा प्रकाशित कई अन्य पत्रों में नीति–आधारित व्यापार सुविधा के महत्व को प्रतिध्वनित करते हुए व्यापार सुविधा तथा मुक्त एफडीआई व्यवस्था और सुशासन जैसे अन्य सहवर्ती नीतिगत चालकों के महत्व को निरुपित करते हुए उन्हें क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर भारत के व्यापार एकीकरण के लिए अपरिहार्य बताया गया है। इन प्रयासों को वैश्विक व्यापार संरचना में एमएसएमई के 'स्थापन' की जांच के साथ पूर्णता प्रदान करनी होगी, ताकि दुनिया भर में इन छोटे, लेकिन महत्वपूर्ण प्रतिभागियों पर व्यापार के विविध प्रभावों का गंभीरता से आकलन किया जा सके।

निवेश सुविधा और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)

भारत की आर्थिक विकास संबंधी रणनीति का एक अन्य महत्वपूर्ण घटक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करना है। निवेश सुविधा, विशेष रूप से विकास के लिए निवेश सुविधा (आईएफडी) समझौते से संबंधित मौजूदा

डब्ल्यूटीओ चर्चाओं के संदर्भ में फोकस का केंद्रबिंदु बन चुकी है। यह समझौता विकासशील देशों में सवंर्धित पूंजी प्रवाह और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण जैसे संभावित लाभों की पेशकश करते हुए एफडीआई के लिए अधिक सहायक वातावरण बनाने का प्रयास करता है। हालांकि, विकासशील देशों को ऐसे समझौतों के तहत बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं से जुड़ी चुनौतियों का सामना सावधानी से करना चाहिए। इस संदर्भ में, आरआईएस द्वारा आयोजित एक आभासी पैनल चर्चा में कहा गया कि यद्यपि निवेश सुविधा विकास को बढ़ावा दे सकती है, लेकिन यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ये समझौते राष्ट्रीय नीतिगत दायरे से समझौता न करें या महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों पर नियंत्रण न गवां बैठें। इसलिए, इन चर्चाओं में सावधानीपूर्वक शामिल होकर, भारत का लक्ष्य

निवेश आकर्षित करना और अपनी विकासात्मक स्वायत्तता बनाए रखने के बीच संतुलन कायम करना होगा।

भविष्य में फोकस की आवश्यकता वाले क्षेत्र

भविष्य पर गौर किया जाए, तो आरआईएस उभरती चुनौतियों से निपटने और बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। जिस प्रकार वैश्विक व्यापार की गतिशीलता में बदलाव आ रहा है, संस्थान के व्यापार संबंधी वर्टिकल के दायरे को कृषि मूल्य श्रृंखलाओं, ब्लू ट्रेड और अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को शामिल करने हेतु व्यापक बनाए जाने की संभावना है। इतना ही नहीं, आरआईएस डेटा सुरक्षा, श्रम और पर्यावरण मानकों और आधुनिक वैश्विक व्यापार प्रणाली में एमएसएमई के एकीकरण जैसे 21वीं सदी के महत्वपूर्ण व्यापार के मुद्दों से जुड़ेगा। ये प्रयास नीतिगत विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए आरआईएस को वैश्विक व्यापार संबंधी विमर्श में सबसे आगे रखते हैं।

प्रमुख कार्यक्रम

- आरआईएस ने 29 मई 2023 को राजदूत वी. एस. शेषाद्रि की पुस्तक 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स– इंडिया एंड द वर्ल्ड' पर पैनल चर्चा का आयोजन किया।
- आरआईएस ने 26 जून 2023 को राजदूत जयंत दासगुप्ता की अध्यक्षता में "विकास के लिए निवेश सुविधा" विषय पर आभासी पैनल चर्चा का आयोजन किया।
- आरआईएस ने 8 नवंबर 2023 को डब्ल्यूटीओ पर केंद्रित बहुपक्षवाद के संबंध में पैनल चर्चा का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता प्रोफेसर अभिजीत दास ने की तथा प्रोफेसर अमृता नार्लीकर और श्री सुमंत चौधरी पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुए।
- आरआईएस ने 26 दिसंबर 2023 को एफटीए के विश्लेषण हेतु व्यापार प्रक्रियाओं को और अधिक कुशल बनाने पर चर्चा का आयोजन किया।

प्रमुख प्रकाशन

चर्चा पत्र

- #285: प्रमोटिंग डिस्ट्रिक्स ऐज हब्स इन द एक्पोर्ट पॉलिसी इंडियाज एक्सपेरिमेंट विद् द वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट प्रोग्राम, पंखुरी गौड़
- #292: ट्रेड एंड एनवायरनमेंट : ट्रैकिंग एनवायरनमेंटल प्रोविजन्स इन रीजनल ट्रेडिंग एग्रीमेंट्स (आरटीए) टू मेक एप्रोप्रिएट इंडियन स्टैन्स, अंशुमन गुप्ता

4

वित्त और प्रौद्योगिकी

वित्त, प्रौद्योगिकी और उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकियों द्वारा सवंर्धित नवाचार का संयोजन, विशेष रूप से उभरते बाजारों और विकासशील देशों में वैश्विक वित्तीय परिदृश्य को नए सिरे से आकार दे रहा है। ये वित्तीय नवाचार आर्थिक वृद्धि, निरंतरता और समावेशन के लिए बेशुमार अवसरों की पेशकश करते हैं। उन लाभों को प्राप्त करने के लिए सरकारों द्वारा आवश्यक नीतिगत उपायों को लागू करने की जरुरत पड़ती है, जिनमें वित्तीय साक्षरता बढ़ाना, विशेष रूप से फिनटेक, क्रिप्टो परिसंपत्तियों, डिजिटल वित्त, जैसे नए उत्पादों और प्लेटफॉर्मों की नियामकीय तैयारी सुनिश्चित करना, विकास के लिए टिकाऊ वित्त जुटाना आदि शामिल हैं। वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश करने और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए युवाओं तथा महिलाओं को ऋण प्रदान करने के द्वारा वित्तीय प्रौद्योगिकी तथा नवाचार की नई धारा ग्लोबल साउथ में समावेशी विकास को प्रेरित कर सकती है। एक ऐसा सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण जो सार्वजनिक तथा निजी प्रयासों को एकीकृत करता है, डिजिटल रूपांतरण को अंगीकार करता है और पर्यावरणगत संवहनीयता के साथ संबद्ध है, सुदृढ़ तथा समावेशी वित्तीय इकोसिस्टम के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है।

ब्लाकचेन और वर्चुअल डिजिटल ऐसेट्स

एआई, ब्लौकचेन, डीएलटी, 3डी प्रिंटिंग आदि जैसी डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग वित्तीय क्षेत्र के विभिन्न खंडों में व्यापक हो गया है। इसने बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को छोटे व्यक्तिगत ऋणों, उपभोक्ता वित्तीय उत्पादों, अनौपचारिक क्षेत्रों के कर्जदारों, सूक्ष्म एवं छोटी कंपनियों जैसी विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए नवाचारी तथा अनुकूलित ऋण उत्पाद तैयार करने में सहायता की है। इसके अतिरिक्त, पिछले कुछ वर्षों में वर्चुअल डिजिटल ऐसेट्स (वीडीए) उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्चुअल ऐसेट्स में आमतौर पर क्रिप्टो करेंसी, नॉन–फंजिबल टोकन और विकेंद्रित वित्त आदि शामिल होते हैं। इंटरनेट के अगले संस्करण वेब3 और ब्लौकचेन

आने वाले वर्षों में वीडीए सेक्टर को बढ़ावा देंगे। नैसकॉम के अनुसार, भारत में ब्लौकचेन उद्योग से लगभग 75,000 लोग जुड़े हुए हैं और अगले एक–दो वर्षों में इस टैलेंट पूल के 120 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की संभावना है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने की इसकी उल्लेखनीय क्षमता को दर्शाता है। वीडीए के बढ़ते महत्व को देखते हुए आरआईएस ने भारत वेब3 एसोसिएशन (बीडब्ल्यूए) के सहयोग से नई दिल्ली में 11 जुलाई 2023 को एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया। इस गोलमेज चर्चा से उपयोगी विचार और अनुभव सामने आए, जो वैश्विक धारणाएं विकसित करने में मददगार रहेंगे। शैक्षणिक विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों और उद्योग के पेशेवरों ने वीडीए उद्योग में उभरते रुझानों, से जुड़े व्यापक आर्थिक जोखिमों तथा नियामकीय चुनौतियों तथा अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर संभावित प्रभावों की पड़ताल की। इस चर्चा में वीडीए क्षेत्रों की वृद्धि तथा स्थायित्व में सहायता करने के लिए स्पष्ट विनियमन, स्व–विनियमन और वैश्विक समन्वयन को संयोजित करने वाले संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया गया।

फिनटेक कॉरिडोर

फिनटेक क्षेत्र ने भारत और विश्व भर के अन्य उभरते बाजारों तथा विकासशील देशों में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। पिछले चार वर्षों 2019–2020 में 12.5 बिलियन लेन देन की तुलना में 2023–24 में 131 बिलियन लेनदेन सहित यूपीआई लेनदेन की संख्या में 10 गुना वृद्धि के साथ अब भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में विश्व के सबसे अग्रणी देशों में शुमार किया जाता है। फिनटेक को तेजी से अपनाने से वित्तीय समावेशन निर्बाधित तरीके से अर्जित करने और ऋण तथा मूल्यवर्द्धित बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं के त्वरित और सरल प्रावधान के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने में सहायता प्राप्त हो रही है।

आम लोगों के लिए फिनटेक समाधानों के लाभों के अतिरिक्त, फिनटेक लेनदेन में वृद्धि के साथ विनियामक, सुरक्षा और अनुपालन जोखिम भी जुड़े हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यापक उपयोग के लिए लॉन्च किए जाने से पहले विभिन्न फिनटेक समाधानों का परीक्षण करने, परिपक्व करने तथा व्यावसायीकरण करने के लिए विनियामक सैंडबॉक्स कार्यान्वित किए हैं। 2022–2023 में आरआईएस के एक चर्चा पत्र में, आरआईएस के संकाय सदस्यों की एक टीम ने भारत में फिनटेक क्षेत्रों के उद्भव और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में फिनटेक को अपनाने संबंधी वृद्धि की गति को भी रेखांकित किया। इसमें इस बात पर भी चर्चा की गई है कि फिनटेक किस प्रकार पारंपरिक वित्तीय सेवाओं को बाधित करता है तथा ब्लाकचेन और एआई जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों को प्रस्तुत करता है। हालांकि, यह विनियामक अनुपालन, साइबर सुरक्षा जोखिम तथा डेटा गोपनीयता आशंकाओं जैसी चुनौतियों को भी रेखांकित करता है।

इसके अतिरिक्त, फिनटेक को तेजी से अपनाए जाने से फिनटेक और फिनटेक सक्षम सेवाओं में व्यापार के कई अवसर खुल गए हैं। त्वरित और सुविधाजनक घरेलू खुदरा भुगतान सुगम बनाने के अतिरिक्त, फिनटेक सीमा–पार भुगतान निपटानों के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है। यूपीआई अब सिंगापुर, फ्रांस, मॉरीशस, श्रीलंका, यूएई, भूटान और नेपाल के साथ सीमा पार भुगतान में सक्षम है। यह विभिन्न देशों के साथ फिनटेक कॉरिडोर की संभावना को दर्शाता है जो वित्तीय क्षेत्र में व्यापक सहयोग की संभावनाओं के द्वार खोलेगा तथा भारत और उन देशों के बीच अधिक व्यापार एवं निवेश को सक्षम बनाएगा।

आरआईएस ने 2022–2023 के दौरान भारत–सिंगापुर फिनटेक कॉरिडोर के विचार पर एक शोध पत्र प्रकाशित किया। इसने प्रदर्शित किया कि आसियान में वित्तीय सेवा व्यापार के लिए बाजार के विशाल आकार और आसियान में विकसित हो रहे फिनटेक उद्योग को देखते हुए, यह कॉरिडोर किस प्रकार भारत–आसियान वित्तीय संबंधों को और व्यापक बनाने के प्रवेश द्वार की भूमिका निभा सकता है।

भारत–ब्रिटेन फिनटेक व्यापार पर जारी अध्ययन के अंतर्गत एसेक्स यूनिवर्सिटी ने 22–23 जुलाई, 2024 को ब्रिटेन के कोलचेस्टर में 'ग्लोबल फिनटेक इकोसिस्टम एंड फिनटेक एनेबल्ड ट्रेड इन सर्विसेज' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। भारतीय टीम की ओर से आरआईएस और गुलाटी इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस एंड टैक्सेशन (जीआईएफटी) ने साझेदार संस्थानों के रूप में भाग लिया। आरआईएस ने ''फिनटेक को अपनाना और समावेशी विकासः विकासशील देशों से सबक'' विषय पर एक प्रस्तुति दी, जिसे नीतिगत सारांश के रूप में और बाद में आरआईएस के चर्चा पत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी तरह, जीआईएफटी ने ''वित्तीय समावेशन पर फिनटेक का प्रभावः एक क्रॉस–कंट्री विश्लेषण'' शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। वित्तीय समावेशन और विकास के लिए फिनटेक की भूमिका का ठोस साक्ष्य प्रदान करने के अतिरिक्त, यह फिनटेक कॉरीडोर के सामर्थ्य को दर्शाता



है जो बदले में भारत और अन्य देशों के बीच व्यापार तथा आर्थिक संबंधों को विस्तारित करेगा।

डिजिटलीकरण और वित्तीय समावेशन

डिजिटल रूपांतरण विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उन्नति के साथ विश्व भर के क्षेत्रों में क्रांति ला रहा है। ई—कॉमर्स और डिजिटल भुगतान प्रणालियों द्वारा खुदरा व्यापार परिवर्तित हो रहा है, जबकि ऑटोमेशन, एआई और स्मार्ट प्रौद्योगिकियों से विनिर्माण को लाभ प्राप्त हो रहा है। डिजिटलीकरण का फैलाव समान रूप से दिखाई दे रहा है। उदाहरण के लिए, कृषि बेहतर प्रबंधन और दक्षता के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्मों का लाभ उठा रही है। इसके अतिरिक्त, स्मार्ट सिटी टेक्नोलॉजीज और डिजिटल मनोरंजन के रुझान भी उभर रहे हैं।

इस बदलते परिदृश्य में, वर्तमान में जारी डिजिटल क्रांति सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अपनी दक्षता बढ़ाने, नए बाजारों तक पहुंच कायम करने और बड़ी कंपनियों के साथ अधिक समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है। हालांकि, वित्तीय एवं मानव संसाधन संबंधी अवरोधों के कारण, एमएसएमई भी डिजिटल परिवर्तन द्वारा उत्पन्न व्यवधानों के प्रति अत्यधिक असहाय हैं। वाजिब डर इस बात को लेकर है कि यदि केवल बाजार पर ही छोड़ दिया जाए, तो एमएसएमई तेजी से हो रहे डिजिटलीकरण के कारण अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता खो सकते हैं जो कि रोजगार सृजन में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, गंभीर सामाजिक परिणामों को जन्म दे सकता है। एमएसएमई डिजिटलीकरण की प्रगति को समझने के लिए, आरआईएस ने 2023—2024 में भारत में एमएसएमई के डिजिटलीकरण के प्रसार के संबंध में एक महत्वपूर्ण अध्ययन किया। इस अध्ययन के निष्कर्षों से एमएसएमई द्वारा डिजिटल को अपनाने के बारे में मिश्रित, लेकिन दिलचस्प रुझान का पता चला है। सकारात्मक रूप से देखें तो, एमएसएमई ने बुनियादी डिजिटल टूल्स और डिजिटल भुगतान प्रणालियों को अपनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन बुनियादी प्रौद्योगिकियों के एकीकरण ने अनेक एमएसएमई को अपने प्रचालनों को सुव्यवस्थित करने और अपने वित्तीय लेनदेन में सुधार करने में सक्षम बनाया है। दूसरी ओर, मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया और बिक्री के लिए ई—कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे मध्यवर्ती डिजिटल टूल का उपयोग, साथ ही ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग), एससीएम (सप्लाई चेन मैनेजमेंट), बिग डेटा और एआई जैसी उन्नत प्रौद्योगिकीयों का उपयोग सीमित है, लेकिन उनमें वृद्धि के लक्षण दिखाई

दे रहे हैं। सूचना का अभाव, कौशल की कमी, वित्तीय बाधाएं और साइबर सुरक्षा संबंधी चिंताओं की पहचान भारत में एमएसएमई के डिजिटलीकरण की दिशा में प्रमुख बाधाओं के रूप में की गई है।

एमएसएमई के अतिरिक्त, वित्तीय सेवा क्षेत्रों में डिजिटलीकरण का प्रभाव मजबूत और रूपांतरकारी रहा है। बैंकों द्वारा ऋण की तुलना में, फिनटेक नए युग की प्रौद्योगिकी तथा लो–ऑपरेटिंग–ओवरहेड बिजनेस मॉडल जैसे लाभ प्रदान करता है। पिछले एक दशक में, मुख्यतः मोबाइल मनी खातों में वृद्धि की बदौलत बैंकिंग सेवाओं से वंचित रहे 1.2 बिलियन वयस्कों को वित्तीय सेवाएं सुलभ हो गई हैं, जिससे बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों की संख्या में 35 प्रतिशत की कमी आई है। वैश्विक स्तर पर, फिनटेक ग्राहक आधार में 39 प्रतिशत महिलाएं, 40 प्रतिशत निम्न आय वाले और 27 प्रतिशत ग्रामीण या दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोग हैं। कुल मिलाकर, फिनटेक ईएमडीआई में निम्न आय वाली आबादी के उच्च अनुपात जो कि लगभग 43 प्रतिशत है, को सेवाएं प्रदान करता है, जबकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में यह अनुपात 36 प्रतिशत है। आरआईएस द्वारा डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर आयोजित एक पैनल चर्चा में शासन, स्वास्थ्य सेवा और व्यावसायिक पद्धतियों को बढ़ाने में वैश्विक डिजिटल बुनियादी ढांचे की आवश्यकता, सतत विकास के लिए अधिक वित्त पोषण तथा डिजिटलीकरण की भूमिका को रेखांकित किया गया।

वित्तीय साक्षरता और डेटा–प्रेरित आर्थिक लचीलापन

वित्तीय साक्षरता को वित्तीय समावेशन और वित्तीय क्षेत्र की वृद्धि तथा विविधीकरण के एक महत्वपूर्ण मददगार के रूप में देखा गया है। वित्तीय साक्षरता में निरंतर सुधार लोगों को बुनियादी वित्तीय टूल्स से परिचित होने और विभिन्न वित्तीय आवश्यकताओं के संबंध में उपयुक्त निर्णय लेने में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय साक्षरता का उच्च स्तर लोगों को मोबाइल बैंकिंग ऐप, डिजिटल वॉलेट और निवेश मंचों जैसे फिनटेक नवाचारों का परिचालन करने में मदद करता है। यह लोगों को डिजिटल वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में सुविचारित निर्णय लेने, विकल्पों का गंभीरता से आकलन करने तथा अपनी आवश्यकताओं को सर्वश्रेष्ठ तरीके से पूरा करने वाले विकल्पों का चयन करने में सक्षम बनाता है। वित्तीय साक्षरता साइबर सुरक्षा खतरों और धोखाधड़ी जैसे प्रौद्योगिकी से जुड़े जोखिमों को समझने और उनमें कमी लाने में भी मदद करती है और इस प्रकार वित्तीय जानकारियों और परिसंपत्तियों की सुरक्षा करती है। वित्त एवं विकास कार्यक्षेत्र की नियमित कार्य योजना के अंतर्गत, आरआईएस के संकाय ने वित्तीय साक्षरता पर एक दिलचस्प अध्ययन किया। इसके अंतर्गत एनएसएस के 77वें दौर के अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण (2019) के डेटा का उपयोग करके भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों तथा क्षेत्रों, शिक्षा एवं आय समूहों में वित्तीय

साक्षरता के स्तर की सीमा एवं प्रसार की जांच की गई। जहां एक ओर पूरे देश में वित्तीय साक्षरता में सुधार हो रहा है, वहीं बैंक खातों, क्रेडिट/डेबिट कार्ड और ई–वॉलेट जैसे वित्तीय साधनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की गुंजाइश बरकरार है।

व्यापक और विविध प्रकार का डेटासेट आर्थिक स्थितियों, उपभोक्ता व्यवहारों और बाजार के रुझानों की अधिक विस्तृत समझ प्रदान करता है, जो नीति निर्माताओं, व्यवसायों और वित्तीय संस्थानों को सुविचारित निर्णय लेने और विविध आवश्यकताओं पर प्रभावी रूप से गौर करने वाली कार्यनीतियां विकसित करने में सक्षम बनाता है। आर्थिक संकेतकों और जनसांख्यिकीय कारकों की व्यापक श्रृंखला शामिल करते हुए योजनाकार रुझानों का पूर्वानुमान लगाने, जोखिमों का अनुमान लगाने और स्थायी विकास को बढ़ावा देने वाली ऐसी युक्तियों की रूपरेखा बनाने की अपनी क्षमता को संवर्धित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, विविधापूर्ण डेटा वंचित आबादी और क्षेत्रों की पहचान करने, लक्षित वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के सृजन को सुगम बनाने के लिए अनिवार्य है जो वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देते हैं तथा विषमताओं को कम करते हैं।

वित्त में दिवाला और ोधन अक्षमता

दिवाला और शोधन अक्षमता का प्रभाव इसके वास्तविक क्षेत्र के परिणामों के लिहाज से व्यापक और विनाशकारी है। दिवालियेपन के बढ़ते मामले न केवल किसी देश के वित्तीय क्षेत्र में नीति और नियामक वातावरण में कमजोरी का संकेत देते हैं बल्कि ग्लोबल साउथ में व्यापार एवं निवेश को भी प्रभावित करते हैं। भारत ने दिवालियेपन के मामलों की पारदर्शिता, पूर्वानुमान लगाने की क्षमता तथा प्रभावी समाध्ाान सुनिश्चित करने के लिए 2016 में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता लागू की। इसी तरह, कई विकासशील देश दिवालियेपन के संबंध में विभिन्न नीतियां एवं विनियमन लागू कर रहे हैं। उन आयामों को शामिल करने और ग्लोबल साउथ के देशों के बीच सहयोग के क्षेत्रों का पता लगाने के लिए आरआईएस ने दिवालियापन पर एक विशिष्ट शोध कार्यक्रम शुरू किया है। वर्ष 2023–2024 में दिवालियापन के कुछ उपर्युक्त पहलुओं को कवर करते हुए दो आरआईएस चर्चा पत्र तैयार किए गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय वित्त के संबंध में टी–20 ब्राज़ील टास्क फोर्स

आरआईएस पिछली तीन जी–20 अध्यक्षताओं के दौरान सह–अध्यक्ष और नीतिगत सारांशों के लेखकों के तौर पर अवसंरचना निवेश और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना के संबंध में टी–20 टास्क फोर्स में योगदान देता रहा है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना से संबंधित टी–20 ब्राज़ील टास्क फोर्स के लिए, जो वर्तमान जी–20 अध्यक्षता का एक सहभागिता समूह है, आरआईएस संकाय, डॉ. प्रियदर्शी दाश द्वारा भारत और अन्य देशों के सहयोगियों के साथ मिलकर '' ऐन इन्क्लूसिव जी20 स्ट्रेटेजी टू स्केल 'डेट–फॉर–नेचर/क्लाइमेट स्वैप्स' फॉर इफैक्टिव क्लाइमेट एंड बायोडाइवर्सिटी एक्शन इन डेवेलपिंग कंट्रीज'' शीर्षक से एक नीतिगत सारांश प्रकाशित किया गया।

प्रमुख कार्यक्रम

- आरआईएस ने ओईसीडी के सहयोग से ''बॉटलनेक्स टू एक्सेस एसडीजी फाइनेंस फॉर डेवेलपिंग कंट्रीज'' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की। भारत की जी–20 अध्यक्षता का समर्थन करने वाली यह रिपोर्ट 12 जून 2023 को वाराणसी में जी–20 विकास मंत्रियों की बैठक में ओईसीडी जी–20 शेरपा श्री एंड्रियास शाल द्वारा प्रस्तुत की गई। आरआईएस ने व्यापक प्रसार के लिए इस रिपोर्ट पर 13 जून 2023 को एक पैनल चर्चा का आयोजन किया।
- टी–20 टास्क फोर्स 3 श्रृंखला का अंतिम सेमिनार, ''सतत, लचीले और समावेशी बुनियादी ढांचे का वित्त पोषण'' विषय पर 5 मई 2023 को आयोजित किया गया। इसमें डॉ. सब्यसाची साहा ने ग्लोबल साउथ के लिए बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण पर जोर दिया।
- आरआईएस ने दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कॉलेज के सहयोग से 30 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में ''जी–20 का विकास का एजेंडा: फिनटेक, डिजिटल परिवर्तन और व्यवसाय की संभावनाए'' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।
- आरआईएस ने भारत वेब3 एसोसिएशन (बीडब्ल्यूए) के सहयोग से 11 जुलाई, 2023 को नई दिल्ली में''वर्चुअल डिजिटल एसेट्स उद्योग : नीतिगत और नियामक परिदृश्य विकसित करना'' विषय पर एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया। इसमें दो तकनीकी सत्र शामिल थे।
- आरआईएस द्वारा 23 सितंबर 2023 को डिजिटल प्रौद्योगिकी, वित्त, समावेशन और जी–20 घोषणापत्र पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई।

प्रमुख प्रकाशन

चर्चा पत्र

- #286: फाइनेंशियल लिटरेसी अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स ऑफ इंडिया: ऐन इम्पीरिकल एनालिसिस, प्रियदर्शी दाश एंड राहुल रंजन
- #289: एसडीजी गैप्स एंड टेक्नोलॉजी नीड्स इन डेवेलपिंग कंट्रीज : स्कोप फॉर लोकली एजाइल टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम्स, सब्यसाची साहा

5

क्षेत्रीय सहयोग

तेजी से परस्पर संबद्ध होती दुनिया में, राष्ट्रों के बीच शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में क्षेत्रीय सहयोग आवश्यक हो गया है। 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से, भारत ने शुरुआत से ही दक्षिण एशिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्रीय सहयोग को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया। हालांकि, दुनिया में जैसे–जैसे भारत का कद बढ़ता गया, वैसे–वैसे सहयोग के बारे में उसका विजन भी व्यापक होता गया। भारत के सहयोगपूर्ण प्रयास अब केवल क्षेत्रीय मंचों तक ही सीमित न रहकर, विभिन्न महाद्वीपों के देशों और समूहों के साथ सहभागिता करने के लिए विकसित हो चुके हैं। वर्तमान में भारत सार्क, बिम्सटेक, आसियान, ब्रिक्स, आईबीएसए और हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) जैसी महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक पहलों में सक्रिय भागीदार है। इन मंचों के माध्यम से, भारत साझा वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने, क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने और समावेशी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में योगदान करने की दिशा में प्रयासरत है।

आरआईएस भारत के बढ़ते अंतरमहाद्वीपीय सहयोग के एजेंडे का प्रमुख समर्थक रहा है। विविध वैश्विक साझेदारियों के संबंध में अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए आरआईएस प्रमुख क्षेत्रीय मंचों के साथ भारत की सहभागिता मजबूत करने में सहायक रहा है। इस वर्ष, आरआईएस ने दुनिया भर के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ नई साझेदारियां करके अपने प्रभाव का काफी विस्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई), फीड द फ्यूचर इनोवेशन लैब फॉर फूड सिक्योरिटी पॉलिसी रिसर्च और बिम्सटेक सचिवालय जैसे संगठनों के साथ सहयोग ने एशिया से लेकर अन्य महाद्वीपों तक कई क्षेत्रों में व्याप्त महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने वाले अनुसंधान और हाई–प्रोफ़ाइल आयोजनों में योगदान दिया है।

दक्षिण एशियाई एकीकरण को बढ़ावा देना

सन् 1947 से ही भारत अपने दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के साथ मजबूत सहयोग कायम करने की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देता आया है। शुरुआती प्रयासों में द्विपक्षीय पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप नेपाल, भूटान और श्रीलंका जैसे देशों के साथ कई समझौते हुए। 1980 के दशक के मध्य में दक्षिण एशिया में सामूहिक प्रगति को बढ़ावा देने के प्रति लक्षित दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के गठन ने अधिक क्षेत्रीय दृष्टिकोण की दिशा में बदलाव को चिह्नित किया। सार्क की परिकल्पना क्षेत्रीय एकीकरण और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के एक मंच के रूप में की गई थी, लेकिन आशाजनक शुरुआत के बावजूद, इस संगठन को अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ा है। इसने दक्षिण एशिया को वैश्विक स्तर पर अल्पतम एकीकृत क्षेत्रों में से एक बना दिया है।

आरआईएस ने दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के साथ भारत के व्यापार और कनेक्टिविटी के संबंध में महत्वपूर्ण अनुसंधान किया है। इस वर्ष दक्षिण एशियाई एकीकरण पर केंद्रित दो प्रमुख अध्ययन संपन्न हुए। पहले अध्ययन में भारत और नेपाल के बीच आर्थिक संबंधों की पड़ताल की गई, जिनमें विशेष रूप से भारत के साथ नेपाल के व्यापार घाटे से संबंधित सरोकारों पर गौर किया गया। इस अध्ययन में व्यापार असंतुलन कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के संबंध में एक रूपरेखा प्रस्तावित की गई। ''दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय एकीकरण को मजबूत करना'' शीर्षक से दूसरे अध्ययन में दक्षिण एशियाई एकीकरण को पुनर्जीवित करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन से संबंधित बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और सार्क क्षेत्रीय मल्टीमॉडल परिवहन रणनीति (एसआरएमटीएस) को अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसमें व्यापार सुविधा और सीमा शुल्क प्रक्रियाओं में सुधार के लिए सार्क समझौतों को फिर से शुरू करने की भी सिफारिश की गई है।

अनुसंधान के अलावा, आरआईएस ने ''दक्षिण एशियाई एकीकरण : रुझान और आगे की राह'' विषय पर एक प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें सभी दक्षिण एशियाई देशों के नीति निर्माताओं और विद्वानों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय एकीकरण से जुड़ी चुनौतियों से निपटने की रणनीतियों पर चर्चा करना और व्यापक सहयोग के अवसरों का पता लगाना था। आरआईएस ने दक्षिण एशिया के बारे में ज्ञान के प्रसार से संबंधित अपने प्रयासों को 'साउथ एशिया इकोनॉमिक जर्नल' के माध्यम से भी जारी रखा, जिसमें क्षेत्र के प्रमुख रुझानों पर अनुसंधान को शामिल करते हुए दो अंक प्रकाशित किए गए।

आरआईएस क्षेत्रीय सहयोग कार्य योजना – विषयगत फोकस

- व्यापार और मूल्य श्रृंखला एकीकरण
- डिजिटल कनेक्टिविटी और फिनटेक
- सतत विकास और जलवायु सहयोग
- क्षमता निर्माण और जनता के बीच पारस्परिक संपर्क
- कृषि और खाद्य सुरक्षा
- नीली अर्थव्यवस्था का विकास

आसियान–भारत संबंध: अवसरों और चुनौतियों से निपटना

1990 के दशक के आरंभ में ''एक्ट ईस्ट'' नीति की शुरुआत के बाद से, दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) भारत का एक प्रमुख साझेदार बन गया है। पिछले तीन दशकों में, भारत और आसियान के संबंध बढ़े हैं और अब व्यापार की मात्रा 130 बिलियन डॉलर से अधिक हो चुकी है। बुनियादी ढांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था और समुद्री सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार हुआ है। इन उपलब्धियों के बावजूद, भारत–आसियान संबंधों को मजबूत बनाने और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ाने के लिए चुनौतियों का समाधान किया जाना चाहिए।

व्यापार असंतुलन का निरंतर बना रहना भारत–आसियान आर्थिक संबंधों के समक्ष मौजूद महत्वपूर्ण चुनौतियों में एक है। आर्थिक एकीकरण बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के बावजूद, व्यापार प्रवाह की असमानताएं चिंता का महत्वपूर्ण विषय बनी हुई हैं। आरआईएस के अनुसंधान कार्यक्रम ने इस वर्ष आसियान–भारत व्यापार के मुद्दों की गहन पड़ताल करते हुए एफटीए के व्यापक पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता को रेखांकित किया है। प्रमुख सिफारिशों में उभरते हितों के साथ बेहतर तालमेल के लिए समझौते को संशोधित करना, व्यापार बाधाओं में कमी लाना और विनियामक बाधाएं उत्पन्न करने वाले गैर–टैरिफ उपायों (एनटीएम) को सरल बनाना

आरआईएस में 17 जनवरी 2024 को "आसियान–भारत साझेदारी को मजबूत बनाने" पर विचार–मंथन सत्र का आयोजन किया गया

शामिल है। एफटीए रियायतों के अंतर्गत आने वाले उत्पादों को स्पष्ट करने के लिए भी उत्पत्ति के नियमों को मजबूत बनाना आवश्यक है, ताकि अस्पष्टता कम हो और व्यापार में सामंजस्य को बढ़ावा मिल सके।

जलवायु परिवर्तन फोकस का एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र बनकर उभरा है। भारत और आसियान दोनों ही हरित, अधिक टिकाऊ अर्थव्यवस्थाओं का रुख करने का लक्ष्य रखते हैं, इसलिए आरआईएस के प्रकाशनों ने ऊर्जा, परिवहन और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाया है। सिफारिशों में प्रमुख उद्योगों, विशेष रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में प्रमुख योगदानकर्ता परिवहन क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने के लिए संयुक्त प्रयास शामिल हैं। ऐसा सहयोग वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने तथा न्यायसंगत और समान संक्रमण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, हिंद–प्रशांत क्षेत्र में भू–राजनीतिक तनावों ने समुद्री सुरक्षा से संबंधित सहयोग को सबसे आगे ला दिया है। आरआईएस ने निगरानी, संयुक्त गश्त और सूचना साझाकरण सहित गहन समुद्री सहयोग की क्षमता को रेखांकित करते हुए अनुसंधान पत्र प्रकाशित किए हैं। ये आलेख महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए सवंर्धित सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है।

भारत और आसियान के बीच संवाद और सहयोग को सुगम बनाने के लिए आरआईएस ने साल भर इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। ''डीकार्बोनाइजेशन और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं'' और ''20वां आसियान–भारत शिखर सम्मेलनः परिणामों से कार्यान्वयन तक'' जैसे कार्यक्रमों ने उच्च–स्तरीय प्रतिबद्धताओं को कार्रवाई योग्य योजनाओं में बदलने पर ध्यान केंद्रित किया। ''भारत की एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाना'', ''आसियान–भारत साझेदारी को मजबूत बनाना'' और ''हिंद–प्रशांत आर्थिक ढांचाः समस्याएं और आगे की राह'' जैसे सम्मेलनों ने बदलती वैश्विक भू–राजनीति के बीच समुद्री सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहयोगपूर्ण प्रयासों पर जोर देते हुए संबंधों को मजबूती प्रदान करने के महत्व की पड़ताल की।

बिम्सटेकः दक्षिण और दक्षिण–पूर्व एशिया को जोड़ना

बिम्सटेक (बहु–क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) एक अन्य क्षेत्रीय समूह है, जो भारत के लिए खास अहमियत रखता है। यह बंगाल की खाड़ी के आसपास दक्षिण और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभर रहा है। बिम्सटेक आर्थिक एकीकरण को आगे बढ़ाने, कनेक्टिविटी बेहतर बनाने और सुरक्षा सहयोग मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत के लिए, बिम्सटेक केवल बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका के साथ ही उसके संबंधों को प्रगाढ़ नहीं बना रहा है, अपितु यह दक्षिण–पूर्व एशिया के साथ उसके रणनीतिक संबंधों को भी मजबूत बनाता है।

बढ़ते महत्व के बावजूद बिम्सटेक द्वारा अभी तक क्षेत्रीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया है। आरआईएस ने उभरती कृषि मूल्य श्रृंखलाओं के बारे में अपनी रिपोर्ट के माध्यम से बिम्सटेक क्षेत्र के भीतर गहन आर्थिक एकीकरण

आरआईएस में 8 फरवरी 2024 को "20वां आसियान–भारत शिखर सम्मेलनः परिणामों से कार्यान्वयन तक" आयोजित किया गया

की संभावना को रेखांकित किया है। इस रिपोर्ट ने कीमतों को स्थिर करने, उत्पादन को बढ़ावा देने और मजबूत मूल्य श्रृंखलाएं बनाने के लिए कृषि में क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया है। इसने मूल्य श्रृंखला एकीकरण को सुगम बनाने के लिए मानकों के सामंजस्य की भी सिफारिश की।

इसके अलावा, आरआईएस ने ''बिम्सटेक क्षेत्रीय कृषि व्यापार विश्लेषण पर आरआईएस–आईएफपीआरआई क्षमता निर्माण'' शीर्षक से एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को बिम्सटेक क्षेत्र में कृषि व्यापार को बढ़ाने के लिए आवश्यक कौशलों से लैस करना था। इस वर्ष का एक अन्य उल्लेखनीय कार्यक्रम ''बंगाल की खाड़ी और भारत–जापान आर्थिक संबंध'' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन रहा। बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत, जापान और बांग्लादेश के बीच त्रिपक्षीय साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए इस सम्मेलन में भारत, जापान और बांग्लादेश के 50 से अधिक प्रमुख विद्वानों और नीति नियोजकों ने भाग लिया।

ब्रिक्स और आईबीएसए: वैश्विक शासन को आकार देना

ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को सम्मिलित करके बने ब्रिक्स तथा भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को सम्मिलित करके बने आईबीएसए ने बहुपक्षवाद और समावेशी नीतियों पर जोर देते हुए वैश्विक शासन को नया आकार देने में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, जिससे ऐसे समूहों का महत्व उजागर होता है। आरआईएस के पास ब्रिक्स और आईबीएसए सहयोग पर एक सक्रिय कार्य योजना है, जो रिपोर्ट और नीतिगत इनपुट तैयार करती है। बीते एक साल में, आरआईएस ने विदेश मंत्रालय (एमईए) को, विशेष रूप से ब्रिक्स विस्तार से संबंधित मुद्दों पर आयोजित ब्रिक्स बैठकों में भारतीय प्रतिनिधिमंडलों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। ब्रिक्स थिंक टैंक काउंसिल और ब्रिक्स सिविल फोरम के लिए नोडल संस्थान के रूप में आरआईएस ने जनता के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाने और इन ढांचों के भीतर भारत के हितों को आगे बढ़ाने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम किया है।

आईबीएसए के लिए, आरआईएस भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के बीच साझेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। पिछले साल, आरआईएस ने आईबीएसए फेलोशिप कार्यक्रम का तीसरा चक्र सफलतापूर्वक संपन्न किया, जिसमें अकादमिक और नीतिगत आदान–प्रदान को सुगम बनाने के लिए सदस्य देशों के अध्येताओं की मेजबानी की गई। आरआईएस आधिकारिक आईबीएसए बैठकों के लिए इनपुट भी प्रदान करता है। ये प्रयास वैश्विक शासन को आकार देने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने संबंधी आईबीएसए की भूमिका में सहायता करते हैं।

आईओआरए

इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) एफ्रो–एशिया में एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरा है, जिसमें आरआईएस इसकी स्थापना के बाद से ही भारत के शैक्षणिक केंद्र बिंदु के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आईओआरए

का उद्देश्य हिंद महासागर के सीमावर्ती देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण को बढ़ावा देना है। आरआईएस ने व्यापार, नीली अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आईओआरए की क्षमता के संबंध में विभिन्न अध्ययन किए हैं। इस वर्ष, आरआईएस ने वित्तीय स्थिरता हासिल करने और अपनी कार्य योजना को प्रभावी ढंग से निष्पादित करने हेतु सचिवालय की क्षमता बढ़ाने के लिए आईओआरए के भीतर संस्थागत सुधारों की सिफारिश करते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

भविष्य में फोकस की आवश्यकता वाले क्षेत्र

भविष्य पर गौर करते हुए आरआईएस भारत के व्यापार और आर्थिक विकास के लिए नई क्षेत्रीय गतिशीलता और उनके निहितार्थों का पता लगाना जारी रखेगा। भविष्य में हमारे अनुसंधान के एजेंडे के तहत कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिनमें नीली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना, क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाना तथा क्षेत्रीय आर्थिक संरचना पर भू–राजनीतिक बदलावों के प्रभावों का गहन विश्लेषण करना शामिल है। मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के पुनरुद्धार तथा व्यापार और वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने के लिए सामान्य मुद्रा के लिए प्रणाली की तलाश करने पर नए सिरे से जोर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आरआईएस का उद्देश्य इस बात की पड़ताल करते हुए सतत विकास पर अपना ध्यान मजबूत करना है कि क्षेत्रीय पहलें किस प्रकार वैश्विक जलवायु लक्ष्यों में बेहतर योगदान कैसे दे सकती हैं और डिजिटल परिवर्तन के युग में समान विकास को बढ़ावा दे सकती हैं।

प्रमुख कार्यक्रम

- जी–20 एजेंडे के संदर्भ में, एशिया प्रशांत क्षेत्रीय मानव विकास रिपोर्ट 2024 और एसडीजी को गति देने के लिए इसके निहितार्थों पर चर्चा करने के लिए 13 दिसंबर 2023 को एक पैनल चर्चा आयोजित की गई।
- आरआईएस ने म्यांमार अध्ययन केंद्र, मणिपुर विश्वविद्यालय, के साथ भागीदारी करते हुए 23 दिसंबर 2023 को 'भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को आगे बढ़ाना' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया।
- आरआईएस ने 17 जनवरी, 2024 को भारत–इंडोनेशिया साझेदारी और नए अवसर तलाशने पर केंद्रित एक हाइब्रिड पैनल चर्चा आयोजित की।
- आसियान–भारत केंद्र ने 17 जनवरी 2024 को आरआईएस में "आसियान–भारत साझेदारी को मजबूत बनाना" विषय पर एक विचार–मंथन सत्र का आयोजन किया।
- आरआईएस में 8 फरवरी 2024 को "20वां आसियान–भारत शिखर सम्मेलनः परिणामों से कार्यान्वयन तक" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- आरआईएस ने बीएएसई यूनिवर्सिटी और अन्य संगठनों के सहयोग से 19–20 फरवरी, 2024 को युवा अनुसंधानकर्ताओं के लिए कृषि व्यापार के संबंध में क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया।
- डॉ. विक्टोरिया पनोवा के नेतृत्व में रूसी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्रिक्स सिविल फोरम पर चर्चा करने के लिए 21 फरवरी, 2024 को आरआईएस का दौरा किया।
- कोलकाता में 11–12 मार्च, 2024 को "बंगाल की खाड़ी और भारत–जापान आर्थिक संबंध" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका आयोजन कई प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से किया गया।
- बिम्सटेक के महासचिव श्री इंद्रमणि पांडे ने बिम्सटेक की कार्य संरचना बढ़ाने पर एक सहयोगपूर्ण सत्र के लिए 6 मार्च, 2024 को आरआईएस का दौरा किया।

Major Publications

नीतिगत सारांश

- मेकोक गंगा पॉलिसी ब्रीफ– नंबर 12 जनवरी 2023

एआईसी कॉमेंट्रीज

- संख्या 45: इंडो–आसियान कोऑपरेशन फॉर फेसिलिटेटिंग जस्ट ग्रीन ट्रांजिशन बाइ अंशुमान गुप्ता, नवंबर 2023
- संख्या 44: नंबर 44: फॉर्टी थर्ड आसियान समिटः की टेकअवेज बाइ संपा कुंडू, अक्टूबर 2023
- संख्या 43: डीकार्बोनाइजिंग ट्रांसपोर्ट सेक्टरः प्रोस्पेक्ट्स ऑफ आसियान–इंडिया कोलेब्रेशन बाइ, प्रदीप करतुरी, रोहन मल्होत्रा एंड परमिंदर जीत कौर, सितंबर 2023
- संख्या 42: पोटेंशियल ऑफ आसियान–इंडिया पार्टनरशिप इन मैनेजिंग ड्रग ट्रैफिकिंग, अगस्त 2023
- संख्या 41: फॉर्टी सेकंड आसियान समिटः आउटकम्स एंड फ्यूचर आउटलुक, जुलाई 2023
- संख्या 39: द बे ऑफ बंगाल ऐज ज़ोन ऑफ पीस एंड प्रॉस्पेरिटी बाइ संजय पुलिपका, मई 2023
- संख्या 40: कल्वरल डिप्लोमेसीः टैपिंग पोटेंशियल ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स बाइ यू थुटा आंग, जून 2023
- संख्या 48: इंडिया–आसियान रिलेशन्स : नीड फॉर डीपर एंगेजमेंट बाइ चिंतामणि महापात्र
- संख्या 47: एड्रेसिंग नॉन–ट्रेडिशनल मैरीटाइम थ्रेट्स–ऑप्शन्स फॉर इंडिया एंड आसियान बाइ कैप्टन सरबजीत एस परमार
- संख्या 46: फोस्टरिंग फ्यूचर आसियान इंडिया कोलेब्रेशन : अ स्ट्रेटेजिक फाइव–प्रॉन्गड एजेंडा, बाइ पियानत सोइखम

पुस्तक/रिपोर्ट

- एक्सप्लोरिंग कोऑपरेशन इन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड वैल्यू एडिशन इन बिम्सटेक रीजन, आरआईएस–आईएफपीआरआई, नई दिल्ली, 2024

चर्चा पत्र

- एनालाइजिंग इंडिया नेपाल इकोनॉमिक इंटीग्रेशनः स्टेटॅस, चैलेंजिस एंड वे फॉरवर्ड बाइ पंकज वशिष्ठ
- #288: स्ट्रेंगथनिंग रीजनल इंटीग्रेशन इन साउथ एशियाः अ स्ट्रेटेजी पेपर ऑन रीजनल कनेक्टिविटी एंड ट्रेड फैसिलिटेशन, प्रबीर डे

6

कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना

भारत अपने अड़ोस–पड़ोस और उससे परे समुद्री कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना के महत्व से बखूबी अवगत रहा है। समुद्री कनेक्टिविटी में सही मायनों में सॉफ्ट एलिमेंट्स (डिजिटल, ऊर्जा और 'ऑन द एयरवेव्स') तथा हार्ड एसेट्स (पानी में और जमीन पर आधारभूत संरचना) दोनों सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय और साथ ही साथ व्यापक पैमाने पर कनेक्टिविटी– वास्तव में ऊर्जा और विकास के साथ सम्बद्ध है। साथ ही विशेष परियोजनाओं (द्विपक्षीय साथ ही साथ बहुपक्षीय) से रणनीतिक लाभ एकत्र किए जा सकते हैं तथा ऐसी परियोजनाओं और उनके कारोबार का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें संरचनात्मक रूप से सुगम बनाया जाना चाहिए। भारत के अड़ोस–पड़ोस और उससे परे ऐसी समग्र समुद्री कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना के संयोजक के रूप में, आरआईएस में सीएमईसी (पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय या एमओपीएसडब्ल्यू के लिए नीतिगत सलाहकार शाखा के रूप में कार्य करने के लिए जनवरी 2022 में लॉन्च किया गया) ने 2023–24 में संयोजक और फोर्स मल्टीप्लायर्स की भूमिका निभाना जारी रखा।

रणनीतिक निवेशों को सुगम बनाना

कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना के लिए निवेश और निवेश के अनुकूल माहौल बनाना आवश्यक होता है। विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय उत्तर–दक्षिण परिवहन गलियारा या आईएनएसटीसी और चाबहार बंदरगाह जैसे रणनीतिक निवेश इस संबंध में विशेष रूप से ध्यान देने योग्य हैं और समुद्री अमृत काल विजन 2047 के तहत फोकस की आवश्यकता वाले प्रमुख क्षेत्र हैं। 'प्रपेलिंग इंडियाज मैरीटाइम विजनः इम्पैक्ट ऑफ गवर्नमेंट पॉलिसीज' शीर्षक वाला एक संपादित खंड भारत में नियामक सुधारों (भारतीय बंदरगाहों की वित्तीय संरचना सहित) की श्रृंखला की पड़ताल करता है और निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उन बंदरगाहों के महत्व को दर्शाता है। भारत पश्चिम एशिया यूरोप गलियारा (आईएमईसी) महाद्वीपीय और साथ ही समुद्री एकीकरण और कनेक्टिविटी के लिए परिवर्तनकारी हो सकता है और इसका महत्व पाठकों के समक्ष पर्याप्त रूप से दर्शाया गया। उद्योग जगत समुद्री कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखेगा तथा समुद्री कनेक्टिविटी के संयोजक के रूप में अदानी

आरआईएस ने मुंबई में 17–19 अक्टूबर 2023 को ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 का सह–आयोजन किया

पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के संचालन और योगदान की तदनुसार पड़ताल की गई। समुद्री क्षेत्र में निवेश के संभावित क्षेत्रों का पता लगाया गया, साथ ही शिपिंग क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के तरीकों की भी पड़ताल की गई। पुस्तक में एक अलग खंड प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण विषय को समर्पित है, और इसमें पाठक को याद दिलाया गया है कि विशेष रूप से ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग आदि जैसी नवीन प्रौद्योगिकियों में नवाचार की यह दौड़, वैश्विक समुद्री क्षेत्र के विजेताओं का निर्धारण करेगी।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी किसी भी क्षेत्र के बंदरगाहों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है और भारत भविष्य में उचित रूप से बंदरगाह–आधारित विकास की दिशा में आगे बढ़ने का इच्छुक है। इस प्रकार, दो नीतिगत सारांशों ने भारत के अड़ोस–पड़ोस में बंदरगाह से संबंधित कनेक्टिविटी की विशिष्ट समस्याओं की पड़ताल की। प्रथम नीतिगत सारांश ('ऑपरेशनलाइजेशन ऑफ सितवे पोर्ट एंड व्हॉट इट मीन्स फॉर रीजनल कनेक्टिविटी इन द बे ऑफ बंगाल') ने दक्षिण–पूर्व म्यांमार में सितवे बंदरगाह की पड़ताल की, जो एक नए टर्मिनल के साथ चालू हो चुका है। इस नीतिगत सारांश में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र तक एक नोड के रूप में वैकल्पिक समुद्री मार्ग सहित क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए इसके संचालन के महत्व की पड़ताल की गई है। इस प्रकार, इस नीतिगत सारांश ने इस केस स्टडी तथा भारत और म्यांमार के बीच कलादान मल्टी–मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (केएमटीटीपी) के अंतर्गत सितवे बंदरगाह के माध्यम से पाठक के समक्ष विशाल समुद्री परिदृश्य प्रस्तुत किया। केएमटीटीपी के जलमार्गों और सड़क संबंधी घटकों को उपयोगी मानचित्रों और आंकड़ों के साथ प्रदर्शित किया गया और पूर्वोत्तर भारत के आर्थिक सामर्थ्य की संभावनाओं को प्रकट करने में सितवे बंदरगाह की क्षमता को दिखाया गया। इसके अंत में, अन्य बातों के साथ–साथ यह सिफारिश की गई कि व्यापक बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के अन्य बंदरगाहों के बीच मल्टी–मॉडल कनेक्टिविटी के लिए इसी प्रकार का विकास किया जाना चाहिए।

दूसरे नीतिगत सारांश 'राइडिंग द वेव्जः सम आइडियाज ऑन कनेक्टिविटी इन द बे ऑफ बंगाल' में बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में समुद्री कनेक्टिविटी का समग्र विश्लेषण किया और वहां नए बंदरगाहों की स्थापना (और मौजूदा बंदरगाहों का विस्तार) करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। क्षेत्र के सभी बंदरगाहों की सूची बनाने की आवश्यकता, साथ ही उनकी वर्तमान भूमिका, अवरोधों और विस्तार की संभावनाओं के बारे में डेटा को उचित रूप से रेखांकित किया गया है। समुद्री कनेक्टिविटी के लिए वित्त, हरित प्रौद्योगिकी और सामान्य, मानकीकृत परिचालन नियमों और प्रक्रियाओं के रूप में संयोजकों की आवश्यकता होती है–और उनकी

आवश्यकता पर समुचित रूप से गौर किया गया है। इस नीतिगत सारांश ने समुद्री सहयोग पर हाल ही में हस्ताक्षरित बिम्सटेक समझौते के मसौदे और बिम्सटेक देशों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया(ओं) की स्थापना की क्षमता को भी रेखांकित किया। विशेष रूप से वित्त के महत्वपूर्ण मुद्दे पर, इसमें इस बात पर गौर किया गया कि जीआईएफटी सिटी (गुजरात) में इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना परियोजनाओं में निवेश के विकास के एक मंच के रूप में काम कर सकता है।

क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना

आरआईएस के सीएमईसी ने हितधारकों को एकीकृत करने तथा कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना में निवेश को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत मुंबई में ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट का सह–आयोजन किया। इस समिट में दुनिया भर से ऑनलाइन और वास्तविक रूप से उपस्थित दर्शकों सहित हजारों लोग (सीईओ सहित) और सैकड़ों कंपनियों के साथ ही साथ दस देशों के मंत्री भी शामिल हुए। भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने भविष्य का रोडमैप दस्तावेज़ 'समुद्री अमृत काल विज़न 2047' लॉन्च किया और इस समिट के दौरान इस रोडमैप की विशिष्टओं से उपजने वाले निवेश और रोजगार के प्रमुख अवसरों को रेखांकित किया गया। इसके साथ ही, लाखों करोड़ रुपये के सैकड़ों समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के माध्यम से समुद्री कनेक्टिविटी को क्रॉस–सेक्टरल बढ़ावा दिया गया, जिनमें हरित पहल से लेकर ज्ञान साझा करने तक जैसे कई क्षेत्र शामिल थे। इस अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने

जीएमआईएस में विशिष्ट गणमान्य हस्यिां

सीएमईसी पर गोलमेज सम्मेलन जारी है

हजारों करोड़ रुपये के कुल मूल्य वाली 11 परिवर्तनकारी परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

सीएमईसी अपना अंतःविषयक समाचार पत्र, 'मैरीटाइम ब्रीफिंग' लगातार प्रकाशित करता रहा है, जिसके 2023–24 में कुल 12 संस्करण प्रकाशित हुए। इसका व्यापक आउटरीच कार्यक्रम परस्पर विकास और लाभ के लिए समुद्री हितधारकों को एकीकृत करना और एक साथ जोड़ना जारी रखे हुए है, और अन्य बातों के साथ–साथ यह सरकार के भीतर और बाहर व्यक्तियों और संगठनों के बीच ज्ञान–साझाकरण नेटवर्क बनाने का प्रयास करता है।

भारत की द्विपक्षीय समुद्री सहभागिताएं, विशेषकर वे जो उसके अड़ोस–पड़ोस में हैं, व्यापक कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना संबंधी पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। एक परामर्श (जिसका शीर्षक 'भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच समुद्री सहयोग के संभावित क्षेत्र'है) ने भारत के समुद्री विजन सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) को प्रथम क्रम की विशिष्टता प्रदान करने की दिशा में प्रयासरत पहल–हिंद–प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) के स्तंभ–7 (व्यापार, कनेक्टिविटी और समुद्री परिवहन) को गुणवत्ता और विशिष्टता प्रदान की।

समुद्री कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना की व्यावहारिकताओं को गहन जांच और विशेषकर तुलनात्मक आकलन की आवश्यकता होती है, ताकि नीति निर्माताओं और योजनाकारों को उपयोगी जानकारी प्रदान की जा सके। तदनुसार, सीएमईसी ने 'बिम्सटेक देशों के समुद्री परिवहन समझौतों और आगे की राह का तुलनात्मक अध्ययन' शीर्षक से एक अध्ययन किया और इसे नेशनल शिपिंग बोर्ड (भारत) को सौंप दिया। इसके अतिरिक्त, भारत–बांग्लादेश कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर केंद्रित और कोलकाता में आयोजित गोलमेज सम्मेलन में हुए व्यापक परामर्श से उत्पन्न 'भारत के समुद्री क्षेत्र की रूपरेखा का विस्तार' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में भारत के लगातार विकसित हो रहे समुद्री परिदृश्य के प्रमुख रुझानों, चुनौतियों और अवसरों को रेखांकित किया गया।

संक्षेप में दोहरायें, तो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और विकास प्रेरक का कार्य करेंगे तथा भारत (और उसके उद्योग जगत) को उसके निकटतम पड़ोसियों से परे अपनी पहुंच और फुटप्रिंट का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगे। इसलिए, आरआईएस ने 'गैलेथिया बे' परियोजना (हाल ही में प्रमुख बंदरगाह के रूप में अधिसूचित) और 'भारत–बांग्लादेश कनेक्टिविटी' पर विविध दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिए एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया। इस चर्चा में कनेक्टिविटी के लिए गैलेथिया खाड़ी के महत्व पर समुचित रूप से बल दिया गया और भारत के पश्चिमी तट पर लॉजिस्टिक्स का दबाव कम करने के लिए भारत के पूर्वी तट के महत्व को इंगित किया गया। इस मुद्दे पर, भारत के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह, कोलकाता ("एसएमपीके") ने ग्रेट निकोबार द्वीप की गैलाथिया खाड़ी में एक ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट और मुक्त व्यापार क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा। भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते

पर हस्ताक्षर करने की बांग्लादेश की उत्सुकता को भी ऐसे संभावित अवसर के रूप में देखा गया, जिसका लाभ भारत अपने अड़ोस–पड़ोस में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए उठा सकता है।

कनेक्टिविटी का वाणिज्य

व्यापक वाणिज्यिक विषयों पर विचार करने के लिए आरआईएस ने 29 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में 'सीएमईसी प्रतिष्ठित व्याख्यान श्रृंखला' के प्रथम व्याख्यान का आयोजन किया। मुंबई पोर्ट ट्रस्ट और भारतीय बंदरगाह संघ के अध्यक्ष श्री राजीव जलोटा ने अपने उद्घाटन व्याख्यान में बताया कि भारतीय बंदरगाह की आधारभूत संरचना किस प्रकार समय के साथ तेजी से बढ़ी है, और अब बंदरगाह की सीमाओं से परे लंगर डालने वाले जहाजों से राजस्व प्राप्त करने जैसी नई वाणिज्यिक चुनौतियों का सामना किया जा रहा है। एमओपीएसडब्ल्यू और खान मंत्रालय में पूर्व केंद्रीय सचिव डॉ विश्वपति त्रिवेदी ने बंदरगाह क्षेत्र में सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के महत्व और सामर्थ्य को रेखांकित किया।

असेसिंग इंडिया–वियतनाम मैरीटाइम ट्रेडः ऐन एम्पिरिकल एक्सप्लोरेशन शीर्षक वाला चर्चा पत्र वाणिज्यिक और साथ ही साथ रणनीतिक कारणों से भारत के महत्वपूर्ण साझेदार वियतनाम पर केंद्रित रहा। इसने भारत और वियतनाम के बीच समुद्री व्यापार का अनुभवजन्य रूप से आकलन करने का प्रयास किया। इस विश्लेषण (जिसमें बड़ी मात्रा में व्यापार के आंकड़े शामिल थे) ने भारत और वियतनाम के बीच समुद्री व्यापार की बढ़ती मात्रा (और बदलते मात्रा–मूल्य अनुपात वीवीआर) को प्रदर्शित किया। इस विश्लेषण ने इंगित किया कि समुद्री व्यापार की बड़ी मात्रा के कारण भारत और वियतनाम के बीच समुद्री माल भाड़े में कमी आई है।

कनेक्टिविटी–ऊर्जा का पारस्परिक प्रभाव

ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा की सुरक्षा समुद्री कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना के महत्वपूर्ण उप–पहलू हैं। इसके फलस्वरूप, आरआईएस में साउथ एशिया ग्रुप फॉर एनर्जी (एसएजीई) का लक्ष्य निम्नलिखित कार्य करना है – विद्युत पारेषण कनेक्टिविटी में अवसंरचनात्मक बाधाओं की पहचान करना और उपचारात्मक रणनीतियां सुझाना, व्यापार और निवेश के सामर्थ्य (विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र में) की पहचान करना और क्षेत्र में नियामक खामियों को दूर करने के उपाय सुझाना, विद्युत क्षेत्र (उत्पादन के साथ–साथ पारेषण) में क्षेत्रीय तकनीकी समाधानों की पहचान करना तथा वित्तपोषण और निधियन के विकल्प सुझाना और परियोजना कार्यान्वयन की योजना और निगरानी के लिए संस्थागत रूपरेखा का सुझाव देना है। यह माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित विचार (जिसे वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड या ओएसओडब्ल्यूओजी कहा जाता है) के अनरूप भारत द्वारा अपने अड़ोस–पड़ोस और उसके आगे सामान्य ऊर्जा ग्रिड बनाने के प्रयासों को सुगम बनाने का भी प्रयास करता है।

इन उद्देश्यों के अनुरूप, एसएजीई ने कनेक्टिविटी के ऊर्जा–संबंधी पहलुओं के बारे में विचार–विमर्श करने के लिए एक बैठक बुलाई और पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों जैसे अन्य ऊर्जा क्षेत्रों को सम्मिलित करके एसएजीई के दायरे को व्यापक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। अलग से, और यूएसएआईडी के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय ऊर्जा भागीदारी (एसएआरईपी) कार्यक्रम के साथ, एसएजीई ने 'दक्षिण एशिया में स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और सीमा ऊर्जा व्यापार की संभावनाएं' विषय पर एक कार्यशाला भी आयोजित की।

भविष्य में फोकस की आवश्यकता वाले क्षेत्र

आरआईएस में सीएमईसी, भारत के समुद्री अमृत काल विजन 2047 और समुद्री भारत विजन 2030 को हासिल करने के लिए आवश्यक लक्ष्यों और हस्तक्षेपों को बढ़ावा देने के लिए भारत के समुद्री क्षेत्र के सतत, त्वरित विकास की दिशा में साक्ष्य–आधारित इनपुट प्रदान करके उत्प्रेरक और संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करना जारी रखेगा। समुद्री क्षेत्र के प्रदर्शन, उत्पादकता, दक्षता और साइबर–लचीलेपन को बढ़ाने हेतु प्रौद्योगिकी–संचालित अंतर्दृष्टि और सिफारिशें सीएमईसी और आरआईएस में अत्याधुनिक अनुसंधान के प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने हुए हैं। इस क्षेत्र में जारी प्रयासों में एक ज्ञान भंडार और इंटरैक्टिव डेटाबेस शामिल है जिसका उपयोग नीति निर्माताओं को साक्ष्य–आधारित इनपुट प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

प्रमुख कार्यक्रम

- 20 अप्रैल 2023 को 'गैलाथिया बे' परियोजना और 'भारत बांग्लादेश कनेक्टिविटी' पर एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया गया। यह चर्चा ग्रेट निकोबार की गैलाथिया खाड़ी में एक ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट विकसित करने पर केंद्रित रही।
- सीएमईसी ने 2 जून 2023 को नेशनल शिपिंग बोर्ड को नीतिगत सलाह प्रदान की, जिसमें बिम्सटेक देशों के भीतर समुद्री परिवहन समझौतों का विश्लेषण किया गया।
- एसएजीई और यूएसएआईडी के साउथ एशिया रीजनल एनर्जी पार्टनर्शिप–एसएआरईपी प्रोग्राम ने 18–19 जून 2023 को दक्षिण एशियाई देशों के विद्युत सचिवों के साथ स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन पर एक कार्यशाला आयोजित की।
- एसएजीई ने अपने भविष्य के कार्यों की रूपरेखा तैयार करने और विदेश मंत्रालय के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा के लिए 20 जुलाई 2023 को श्री आर.वी. शाही की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई।
- आरआईएस में समुद्री अर्थव्यवस्था व संयोजन केंद्र (सीएमईसी) ने ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 (17–19 अक्टूबर) में भागीदारी की, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुंबई में किया। इस आयोजन के दौरान "प्रोपेलिंग इंडियाज़ मैरीटाइम विज़न" का विमोचन किया।
- आरआईएस ने 29 जनवरी 2024 को सीएमईसी विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला के प्रथम व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें श्री राजीव जलोटा ने पहला व्याख्यान दिया।

प्रमुख प्रकाशन

चर्चा पत्र

- #284: असेसिंग इंडिया–वियतनाम मैरीटाइम ट्रेडः ऐन एम्पिरिकल एक्सप्लोरेशन, प्रबीर डे एंड तुहिनसुभ्रा गिरी

नीतिगत सारांश

- #1: राइडिंग द वेव्जः सम आइडियाज ऑन कनेक्टिविटी इन द बे ऑफ बंगाल बाइ सुभोमोय भट्टाचार्जी
- #2: ऑपरेशनलाइजेशन ऑफ सितवे पोर्ट एंड व्हॉट इट मीन्स फॉर रीजनल कनेक्टिविटी इन द बे ऑफ बंगाल, प्रबीर डे

पुस्तक

- प्रपेलिंग इंडियाज मैरीटाइम विजन इम्पैक्ट ऑफ गवर्नमेंट पॉलिसीज, आरआईएस–सीएमईसी, नई दिल्ली, 2023

7

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार

आरआईएस के पास विकास के परिप्रेक्ष्य से डोमेन विशेष तक पहुंच कायम करते हुए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के संबंध में नीतिगत अनुसंधान को आगे बढ़ाने की एक समृद्ध विरासत मौजूद है। आरआईएस ने अपनी स्थापना के बाद से एसटीआई नीति से संबंधित अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं की शुरुआत भी की है और उनमें सहभागिता भी की है। आरआईएस की एसटीआई कार्य योजना ने मुख्य फोकस के रूप में प्रौद्योगिकी के प्रभाव के आकलन पर जोर दिया है। चौथी औद्योगिक क्रांति को ध्यान में रखते हुए, इसके हाल के प्रयास एआई और आधुनिक जैव प्रौद्योगिकियों सहित अग्रणी प्रौद्योगिकियों में विकास और गवर्नेंस से संबंधित विमर्श के अन्वेषण पर केंद्रित रहे हैं।

आरआईएस वर्तमान भू–राजनीतिक संदर्भ में विज्ञान कूटनीति को मिल रहे नए प्रोत्साहन का भी लाभ उठा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में विज्ञान कूटनीति पर अनेक क्षमता–निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के बाद, आरआईएस सामान्य रूप से ग्लोबल साउथ और विशेष रूप से भारत के अनुभवों से विज्ञान कूटनीति पर एक नया शब्दकोष विकसित करने में संलग्न रहा है। अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, आर्कटिक और जैव नियंत्रण प्रणाली सहित डोमेन में प्रभावशाली हस्तक्षेप शुरू किए गए हैं। इसके अलावा, आरआईएस एसटीआई और उभरती प्रौद्योगिकियों के सामाजिक प्रभावों पर संवाद को बढ़ावा देते हुए एसटीआईपी फोरम व्याख्यानों के माध्यम से सार्वजनिक सहभागिता को प्रोत्साहित करता है।

प्रभाव का आकलन और मूल्यांकन

एसटीआई के नीतिगत डोमेन के भीतर प्रभाव का आकलन और मूल्यांकन, महत्वपूर्ण आयाम के रूप में उभरे हैं। इस तरह के अभ्यास खामियों की पहचान करके तथा प्रभावी कार्यान्वयन और पाठ्यक्रम में सुधार के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करके साक्ष्य–आधारित नीतिगत निर्माण में योगदान देते हैं। वर्ष 2023–24 के दौरान, आरआईएस ने नीति आयोग के विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) द्वारा प्रायोजित एक परियोजना के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा कार्यान्वित केंद्रीय क्षेत्र की पांच योजनाओं का तृतीय–पक्ष मूल्यांकन अध्ययन पूरा किया। वर्ष 2017–2022 के दौरान कार्यान्वित की गई उन योजनाओं के प्रक्रिया संबंधि मूल्यांकन और प्रभाव विश्लेषण के लिए राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण (फील्ड और ऑनलाइन दोनों) किए गए।

प्रभाव के आकलन संबंधी कार्य को आगे बढ़ाते हुए आरआईएस ने विशेष रूप से महामारी के बाद के संदर्भ में एआई और जैव प्रौद्योगिकी सहित उभरती हुई और अग्रणी प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया है। आरआईएस के संकाय सदस्यों के प्रकाशनों और व्याख्यानों ने महामारी के बाद के संदर्भ में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय नवाचार प्रणालियों दोनों की विशेषताओं को आत्मसात करते हुए एक 'एकीकृत नवाचार प्रणाली' के उद्‌भव पर प्रकाश डालने की कोशिश की है।

आरआईएस ने सीआरआईएसपीआर और सिंथेटिक बायोलॉजी सहित वैश्विक एआई और बायो–गवर्नेंस मोर्चो पर समय–समय पर होने वाले घटनाक्रमों की प्रासंगिकता का आकलन करके एआई गवर्नेंस के संबंध में उभरते विमर्श में भी योगदान दिया है। आरआईएस ने रिस्पॉन्सिबल एआई से संबंधित मुद्दों पर काम करने के लिए आईआईटी, मद्रास के सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई के साथ साझेदारी की है।

आरआईएस नवाचार, विकास और अर्थशास्त्र के बीच संबंधों पर विचार–विमर्श के इच्छुक ग्लोबलिक्स और इंडियालिक्स जैसे नेटवर्कों का हिस्सा रहा है। इसने तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित 20वीं ग्लोबलिक्स इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का सह–प्रायोजन किया। आरआईएस के संकाय सदस्यों ने इस सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और ''नवाचार–संचालित ज्ञान–अर्थव्यवस्था और ग्लोबल साउथ में परिवर्तन'' के व्यापक विषय पर अपना दृष्टिकोण साझा किया।

भारत सरकार डिजिटलीकरण को बहुत तेज गति से आगे बढ़ा रही है, इसलिए आरआईएस के कार्य ने सतत और समावेशी विकास के संदर्भ में इसकी क्षमता को रेखांकित करते हुए महत्वपूर्ण इनपुट प्रस्तुत करने की कोशिश की है। वर्तमान में यह यूरोपीय आयोग द्वारा वित्तपोषित दो अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में भाग ले रहा है। प्रोडिजी प्रोजेक्ट के अंतर्गत, आरआईएस एशिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका के चुनिंदा देशों में डिजिटलीकरण की स्थिति और सतत विकास पर इसके प्रभाव का अध्ययन करने के लिए विविध वैश्विक अनुसंधान संस्थानों के साथ काम कर रहा है। प्रीपेर्ड प्रोजेक्ट के अंतर्गत आरआईएस अन्य साझेदार संस्थानों के साथ मिलकर दिशा–निर्देश तैयार करने, नैतिक मूल्यों की रक्षा करने और महामारी से निपटने की तैयारियों को बढ़ाने के अलावा सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी संकटों में त्वरित और प्रभावी हस्तक्षेप में सहायता के लिए काम करता है।

अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था और जैव अर्थव्यवस्था

जिस तरह भारत सिलसिलेवार सुधारों के जरिए अपनी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का इच्छुक है, ऐसे में आरआईएस ने एक प्रमुख हस्तक्षेप के रूप में अंतरिक्ष नीति और कूटनीति का अन्वेषण करने का प्रयास किया है। भारत में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था से संबंधित पहलुओं के साथ–साथ, शिक्षा–उद्योग इंटरफ़ेस, अंतरिक्ष से संबंधित सेवाओं और प्रौद्योगिकियों में व्यापार और अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था कूटनीति को अनुसंधान के इस डोमेन में शामिल किया गया है। आरआईएस ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन–स्पेस), अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार को उसके द्वारा प्रायोजित एक अध्ययन के अंतर्गत ''भारत के बढ़ते वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र के पदचिह्न का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार'' पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इस अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य जी–20 बहुपक्षीय और जी–20 के दायरे से बाहर के देशों के एक समूह की पहचान करना था, जहां भारतीय वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र के निर्यात सुरक्षित रूप से प्रवेश कर सकते हैं और उनके लिए एक सुरक्षित द्विपक्षीय व्यापार पाइपलाइन बनाई जा सकती है। आरआईएस ने भारतीय राजनयिक मिशनों के प्रमुखों और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक सर्वेक्षण के आधार पर अपनी तरह का यह पहला अध्ययन किया, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियों के साथ जुड़ने के लिए विभिन्न देशों की आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक अनुकूलता के बारे में इनपुट का आकलन किया गया। आरआईएस ने भारत की जी–20 की अध्यक्षता के अंतर्गत अंतरिक्ष–20 बैठकों में भी भाग लिया। वह इंडिया स्पेस कांग्रेस 2023 में अंतरिक्ष कूटनीति से संबंधित विचार–विमर्श में भी शामिल रहा।

नवीन नीतिगत परिप्रेक्ष्य–जैव अर्थव्यवस्था के इर्द–गिर्द उभरने वाली वैश्विक नीतिगत धाराओं को समझने पर सम्मिलित रूप से ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में, आरआईएस की विद्वत–समीक्षित प्रमुख पत्रिकाओं में से एक एशियन बायोटेक्नोलॉजी एंड डेवेलपमेंट रिव्यू ने जैव अर्थव्यवस्था पर दो विशेषांक प्रकाशित किए हैं। इन अंकों को क्रमशः सेंटर फॉर ग्लोबल साइंस एंड एपिस्टेमिक जस्टिस (जीएसईजे), यूनिवर्सिटी ऑफ केंट, ब्रिटेन और स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के सहयोग से संयुक्त रूप से संपादित किया गया। इस प्रकार, इस कदम ने इस मामले पर विकसित हो रहे विद्वानों के विमर्श में महत्वपूर्ण अहमियत शामिल की है। आरआईएस ने विशेष रूप से जैव अर्थव्यवस्था का आकलन करने के ढांचों के संबंध में अंतरराष्ट्रीय नीति

का आकलन करने और उसमें योगदान देने के दृष्टिकोण से जैव अर्थव्यवस्था पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है।

विज्ञान कूटनीति पर डीएसटी सेटेलाइट सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा आरआईएस में विज्ञान कूटनीति पर नीतिगत अनुसंधान हेतु एक सैटेलाइट सेंटर को मंजूरी दी गई है। इस सेंटर की गतिविधियों में भारत की राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक प्राथमिकताओं के अनुरूप विज्ञान कूटनीति और संबंधित विषयों पर नीतिगत और रणनीतिक अनुसंधान शामिल होंगे। सेंटर की कार्य योजना के अंतर्गत ग्लोबल साउथ के परिप्रेक्ष्य से विज्ञान कूटनीति का अन्वेषण, एसटीईएम डायस्पोरा को शामिल करने और क्षमता निर्माण करने के लिए प्रभावी तौर–तरीकों की परिकल्पना करने जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

आरआईएस वर्ष 2018 से विज्ञान कूटनीति के क्षेत्र में क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, नेटवर्क बनाने और अनुसंधान करने में योगदान दे रहा है। यह विज्ञान कूटनीति पर भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) पाठ्यक्रम आयोजित कर रहा है और 2025 में इसका पांचवां संस्करण आयोजित करेगा। इसके अलावा, विज्ञान कूटनीति पर लेवल 1 कोर्स को क्षमता निर्माण आयोग द्वारा प्रबंधित आईजीओटी (एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण) कर्मयोगी पोर्टल के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो सभी सरकारी कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिए विकसित किया गया एक ऑनलाइन शिक्षण मंच है। यह पाठ्यक्रम विज्ञान कूटनीति, इसके हितधारकों और तौर–तरीकों से अवगत कराता है। आरआईएस, यूजीसी स्वयं पोर्टल के लिए विज्ञान कूटनीति पर एक पाठ्यक्रम तैयार करने की दिशा में भी काम कर रहा है। प्रसार और आउटरीच के अंतर्गत आरआईएस एक ओपन–एक्सेस विद्वत समीक्षित पत्रिका साइंस डिप्लोमेसी रिव्यू प्रकाशित करता है। विज्ञान कूटनीति के सैद्धांतिक और व्यावहारिक आयामों से संबंधित छात्रवृत्ति के लिए

डॉ रमेश अनंत माशेलकर, एफआरएस, पूर्व महानिदेशक, सीएसआईआर और पूर्व अध्यक्ष, ग्लोबल रिसर्च अलायंस और भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी ने 21 नवंबर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित एसटीआईपी फोरम व्याख्यान श्रृंखला की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 50वां एसटीआईपी फोरम सार्वजनिक व्याख्यान दिया

एक मंच के रूप में कार्य करते हुए यह विज्ञान कूटनीति में विकास, मुद्दों, परिप्रेक्ष्यों और संस्थानों के साथ सहभागिता का प्रयास करता है। इस उद्देश्य के लिए आरआईएस के संकाय सदस्यों ने विज्ञान कूटनीति और संबंधित मुद्दों पर बड़े पैमाने पर प्रकाशन किया है। यह टीम वर्ष 2018 से एसटीआई नीति और कूटनीति पर एक पाक्षिक समाचार पत्र, साइंस डिप्लोमेसी अलर्ट भी प्रकाशित करती है।

एसटीआईपी फोरम व्याख्यान श्रृंखला की स्वर्ण जयंती

नीतिगत विमर्श में नए आयाम जोड़ने वाले अनुसंधान को बढ़ावा देने के अलावा, आरआईएस ने विभिन्न यत्नों के जरिये विज्ञान और समाज के बीच की खाई को पाटने के उद्देश्य से प्रभावी विज्ञान संचार में सहभागिता करने का प्रयास किया है। वर्ष 2017 में शुरू की गई विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति (एसटीआईपी) फोरम व्याख्यान श्रृंखला ऐसा ही एक प्रयास है। एसटीआईपी फोरम की स्थापना आरआईएस ने इंडिया हैबिटेट सेंटर, टेरी, सीईएफआईपीआरए और भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सहयोग से की है। एसटीआई से संबंधित विभिन्न महत्वपूर् ण विषयों के प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा एसटीआईपी फोरम के सार्वजनिक व्याख्यान दिए जाते हैं। व्याख्यान श्रृंखला की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 50वां एसटीआईपी फोरम सार्वजनिक व्याख्यान सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. रघुनाथ अनंत माशेलकर ने ''विकासशील भारत /75 से विकसित भारत /100 तक: अमृत काल के दौरान विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए विजन और रोडमैप'' विषय पर दिया। राष्ट्रीय क्वांटम मिशन और भविष्य की फसलों के विकास के लिए सीआरआईएसपीआर के उपयोग पर भी सार्वजनिक व्याख्यान दिए गए।

अनुसंधान के महत्वपूर्ण क्षेत्र

आरआईएस की एसटीआई कार्य योजना एईआई को प्रमाणित करने और मजबूती प्रदान करने का सिलसिला जारी रखते हुए अनुसंधान की अपनी विरासत से लाभ उठाएगी। इस संबंध में, यह एईआई से संबंधित सूचकांकों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था और जैव अर्थव्यवस्था सहित नए तकनीकी–आर्थिक परिप्रेक्ष्यों के इर्द–गिर्द विकसित हो रही नीतिगत धाराओं को आकार देने पर भी जोर दिया जाएगा। आरआईएस उभरती और अग्रणी प्रौद्योगिकियों के संबंध में अपने हस्तक्षेप जारी रखेगा, जिनमें गवर्नेंस और विनियमन से संबंधित उनके पहलू शामिल हैं। आरआईएस की योजना सेवाओं सहित अंतरिक्ष व्यापार से संबंधित अनुसंधान पर सम्मिलित रूप से ध्यान केंद्रित करने और अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के लिए लेखांकन ढांचे के विकास में योगदान देने की है।

मूलभूत समावेशिता और सतत विकास के मूल्य बरकरार रखते हुए यह विकसित भारत/2047 विजन के अनुरूप रिस्पॉन्सिबल एआई पर अपने अनुसंधान कार्य को और व्यापक बनाएगा। ऐसा करते हुए, यह आरआईएस के अन्य कार्यक्षेत्रों के साथ मिलकर ऐसे सर्वोत्तम साधनों की पहचान करेगा, जिनके माध्यम से व्यापार, विकास और कूटनीति के क्षेत्र में भारत के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एआई का लाभ

प्रोफेसर के. सी. बंसल, पूर्व निदेशक, आईसीएआर–राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो और सदस्य, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज, एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन ने 24 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में आयोजित 51वां एसटीआईपी फोरम सार्वजनिक व्याख्यान दिया

उठाया जा सकता है। विज्ञान कूटनीति पर नव स्थापित सैटेलाइट सेंटर के माध्यम से, आरआईएस का उद्देश्य विशेष रूप से भारत और सामान्य रूप से ग्लोबल साउथ के अनुभवों के आधार पर विज्ञान कूटनीति के सिद्धांत और अभ्यास पर विमर्श को आगे बढ़ाना है।

प्रमुख कार्यक्रम

- अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों एक प्रतिनिधिमंडल ने 25 मई 2023 को मिनिस्टर काउंसलर श्री ड्रू शुफ्लेतोव्स्की के नेतृत्व में आरआईएस का दौरा किया। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के लिए भारत–अमेरिका पहल (आईसीईटी) के बारे में चर्चा करना और सहयोग के संभावित क्षेत्रों का पता लगाना था।
- 49वां एसटीआईपी फोरम व्याख्यान प्रोफेसर उर्वशी सिन्हा, प्रमुख, क्वांटम इंफॉर्मेशन एंड कंप्यूटिंग लैब, रामन रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु द्वारा 1 जून 2023 को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से दिया गया। यह व्याख्यान "भारत के विकास में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की भूमिका और महत्व" पर केंद्रित था। इसकी अध्यक्षता प्रोफेसर आशुतोष शर्मा ने की।
- आरआईएस और माईगव के बीच सहयोग के तहत 27 अक्टूबर 2023 को ''चंद्रयान–3 के बाद विश्वविद्यालय–उद्योग–स्टार्टअप नवाचार संबंधों को सुदृढ़ बनाना'' विषय पर वर्चुअल सत्र का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सुदृढ़ नवाचार इकोसिस्टम के निर्माण में विद्यार्थियों को शामिल करना था।
- व्याख्यान श्रृंखला की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 50वां एसटीआईपी फोरम सार्वजनिक व्याख्यान, डॉ. रमेश अनंत माशेलकर द्वारा 21 नवंबर 2023 को नई दिल्ली में दिया गया। उनका व्याख्यान ''विकासशील भारत/75 से विकसित भारत/100 तक: अमृत काल के दौरान विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए विजन और रोडमैप'' पर केंद्रित था।

- आरआईएस ने जी–20 सचिवालय, विदेश मंत्रालय और इंडोनेशिया सरकार के सहयोग से 26–28 नवंबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 'लाइफ अर्थव्यवस्था पर वैश्विक शिखर सम्मेलनः सिद्धांतों से कार्रवाई तक' का आयोजन किया। इस शिखर सम्मेलन के आयोजन में जीआईजेड, ओईसीडी, यूएनआरआईएसडी, इम्पैक्ट हब और फोर्थ सेक्टर ग्रुप ने सहयोग किया।
- 51वां एसटीआईपी फोरम सार्वजनिक व्याख्यान प्रोफेसर के.सी. बंसल, पूर्व निदेशक, आईसीएआर–एनबीपीजीआर ने 24 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में दिया। इस व्याख्यान का शीर्षक "भविष्य की फसलों के विकास के लिए सीआरआईएसपीआर" था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता टेरी की महानिदेशक डॉ. विभा धवन ने की।
- आरआईएस के महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने क्षमता निर्माण आयोग द्वारा 6 मार्च 2024 को आयोजित 'विज्ञान कूटनीतिः मुद्दे, नीतिगत विकल्प और दक्षिणी परिप्रेक्ष्य' शीर्षक से एक व्याख्यान दिया।

प्रमुख प्रकाशन

पुस्तकें/रिपोर्ट

- साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन(एसटीआई) फॉर सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्ज (एसडीजी) रोडमैप्स फॉर इंडिया, आरआईएस, नई दिल्ली 2024
- बालकृष्णन, भास्कर. 2024. "मैनेजमेंट ऑफ ओशन स्पेस अराउंड इंडिया एंड द हाई सीज़ ट्रीटी, आईसीडब्ल्यूए, जनवरी।
- स्टडी ऑफ़ सेलेक्ट सेंट्रल सेक्टर ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सब्मिटेड टू नीति आयोग।
- थर्ड–पार्टी इवैल्यूएशन रिपोर्ट स्टडी ऑफ सेंट्रल सेक्टर स्कीम्स इम्प्लीमेंटेड बाइ डीबीटी एंड बीआईआरएसी सब्मिटेड टू नीति आयोग।

पत्रिका

- एशियन बायोटेक्नोलॉजी एंड डेवेलपमेंट रिव्यू, खंड 25, संख्या 3, नवंबर 2023
- एशियन बायोटेक्नोलॉजी एंड डेवेलपमेंट रिव्यू, खंड 26, संख्या 1, मार्च 2024
- साइंस डिप्लोमेसी रिव्यू खंड 5, संख्या 1 और 2, अगस्त 2023
- साइंस डिप्लोमेसी रिव्यू खंड 6, संख्या 1, अप्रैल 2024

8

पारंपरिक चिकित्सा

पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित राष्ट्रीय व वैश्विक विमर्श में आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता से लेकर निर्यात–आधारित विकास में ट्रेसेबिलिटी (यानी पता लगाने की क्षमता) और मानक सब्सक्रिप्शन संबंधी चुनौतियों जैसी समस्याओं की एक विस्तृत रेंज शामिल है। भारत का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र भी अपनी ही चुनौतियों से जूझ रहा है। जहां एक ओर, आयुष क्षेत्र निर्यात में नियमित वृद्धि का साक्षी बन रहा है, वहीं, प्रत्येक बाजार के लिए नियमों के अलग–अलग तंत्र और व्यापार में टैरिफ के अलावा लगाए जाने वाले प्रतिबंध यानी नॉन–टैरिफ बैरियर पहुंच में बाधा उत्पन्न करते हैं। आंकड़ों की कमी प्रभावी नीतिगत रणनीतियों की जटिलताओं को और बढ़ा देती है। इसके अलावा, आयुष उद्योग के भीतर, जहां नियम शास्त्रीय ग्रंथों से प्राप्त सूत्रों पर आधारित तथा नए रासायनिक तत्वों के उपयोग के विरुद्ध होते हैं, नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए आईपीआर (बौद्धिक संपदा अधिकार) का उपयोग एक विवादास्पद बहस के रूप में उभर रहा है। एफआईटीएम आयुष मंत्रालय द्वारा उपयुक्त नीति तैयार किए जाने के लिए विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में इन मुद्दों का बारीकी से अध्ययन करता है।

इस वर्ष अनुसंधान– व्यापार, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए तैयारी और विकास संबंधी रणनीतियों, स्वास्थ्य व्यवस्था में बहुपक्षीय सहयोग और संस्थानीकरण के उभरते मुद्दों पर केंद्रित रहा है। इनमें आयुष फार्मास्यूटिकल्स की सुरक्षा व गुणकारिता के संबंध में घरेलू तैयारियों का सर्वेक्षण, मानक सब्सक्रिप्शन और प्रमुख आयातकों के ट्रेसेबिलिटी मानदंडों के साथ अनुरूपता, प्रतिस्पर्धात्मकता, वर्तमान रणनीतियों तथा चुनौतियों के ठोस तथा राज्य–स्तरीय विश्लेषण सहित आयुष विनिर्माण एमएसएमई का आकलन तथा आयुष सेवा क्षेत्र में आकार और भौगोलिक वितरण, सृजित राजस्व और रोजगारों की संख्या तथा प्रकृति का आकलन करने वाला सर्वेक्षण–आधारित अध्ययन शामिल है।

विकास की अनिवार्यता के रूप में घरेलू तैयारी

आयुष उद्योग वर्तमान में ज़बरदस्त बदलाव के दौर से गुजर रहा है। बढ़ती वैश्विक और घरेलू मांग से उत्साहित तथा नियामक, अनुसंधान एवं विकास तथा बैकएंड इंफ्रास्ट्रचर के

लिए प्रबल समर्थन से सक्षम इस क्षेत्र ने पिछले कुछ वर्षों में शानदार प्रगति की है। आरआईएस ने अपनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट आयुष सेक्टर इन इंडियाः प्रॉस्पेक्ट्स एंड चैलेंजिस में 2022 में आयुष उत्पाद क्षेत्र का आकार 23.3 बिलियन डॉलर का होने का अनुमान व्यक्त किया था। इसके बावजूद इस विकास क्षमता का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया गया। मूल देशों से बाहर फार्मास्यूटिकल्स के रूप में पारंपरिक औषधियों की स्वीकृति अभी विकसित होने के क्रम में है। बाज़ार तक पहुंच काफी हद तक आयातक देशों की प्राधिकार देने, गुणवत्ता व सुरक्षा संबंधी नियामक आवश्यकताओं पर निर्भर करती है। इसमें काफी भिन्नताएं हैं और रेगुलेटरी अपॉर्चुनिटीज एंड चैलेंजिस इन की मार्केट्स के संबंध में एफआईटीएम के अध्ययन के अनुसार, सैनिटरी और फाइटोसैनिटरी (एसपीएस) और व्यापार में तकनीकी बाधाएं (टीबीटी) हर्बल निर्यात से संबंधित कुछ प्रमुख बाधाएं हैं। मानक सबसक्रिप्शन के माध्यम से ट्रेसेबिलिटी अब भी भारतीय निर्माताओं के लिए चुनौती बनी हुई है, जहां औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (अनुसूची टी) में अच्छी विनिर्माण पद्धतियों (यानी जीएमपी) के लिए की गई सिफारिशें अब भी अनिवार्य मानक अनुपालन के लिए डब्ल्यूएचओ के जीएमपी दिशानिर्देशों की तर्ज पर अद्यतन की जानी बाकी हैं, आरआईएस ने खनिज युक्त औषधियों के लिए निर्धारित जीएमपी मानदंडों में जांच एवं सुधार की आवश्यकता और आयुष के लिए अंतर्राष्ट्रीय आईएसओ मानकों की सिफारिश की है।

व्यापार नीति संबंधी प्राथमिकताओं के कार्यान्वयन हेतु संस्थागत संपर्क

आयुष क्षेत्र की उच्च निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के मद्देनजर व्यापार नीति लागू करने में घरेलू तैयारी भी एक महत्वपूर्ण अनिवार्यता है। वर्ष 2023 में फार्मास्यूटिकल्स, अर्क और औषधीय पौधों सहित भारत के आयुष उत्पादों का कुल वैश्विक निर्यात 1.02 बिलियन डॉलर रहा। आयुष के अनेक उत्पाद जैसे न्यूट्रास्युटिकल्स, मसाले, सौंदर्य प्रसाधन, शल्य चिकित्सा और पंचकर्म उपकरण तथा खाद्य पूरक अपनी संबंधित अन्य श्रेणी में विभिन्न एचएस चैप्टर्स के अंतर्गत बिखरे हुए हैं। आरआईएस द्वारा किए गए अनुसंधान और आयुष मंत्रालय को की गई सिफारिशों ने इस बात को रेखांकित किया है कि एचएस वर्गीकरण के पुनर्निर्धारण/विस्तार के माध्यम से निर्यात सुविधा एक

आयुष मंत्रालय और आरआईएस ने 27 फरवरी 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर अपने सहयोग को औपचारिक रूप प्रदान किया। (बाएं से): वैद्य राजेश कोटेचा और प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी

महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप है, जो देश से बाहर जाने वाले आयुष उत्पादों को विभिन्न चैप्टर्स के तहत शामिल करने के लिए आवश्यक है क्योंकि यह नीति निर्माताओं को अधिक स्पष्टता प्रदान करेगी और क्षेत्र की रिएल टाइम निगरानी में सहायक होगी। एचएस वर्गीकरण पर सौंपी गई रिपोर्टों के आधार पर आयुष मंत्रालय ने आयुष निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) का गठन किया। इससे दीर्घावधि में व्यापार नीति संबंधी प्राथमिकताओं को सुगम बनाए जाने की संभावना है। एईपीसी के सहयोग से एफआईटीएम द्वारा आयुष उद्योग पर प्रस्तावित न्यूजलेटर भी घटनाक्रमों के ज्ञान भंडार के रूप में काम करेगा।

बहुपक्षीय ढांचे और पारंपरिक चिकित्सा के संवर्धन में दक्षिणी एकजुटता

जैसे–जैसे देश पारंपरिक चिकित्सा को तेजी से संस्थागत बना रहे हैं, वैसे–वैसे ये बहुपक्षीय चर्चाओं में एक महत्वपूर्ण एजेंडे के रूप में भी उभर रही हैं। भारत की जी–20 की अध्यक्षता के अंतर्गत, आरआईएस की आउटरीच गतिविधियां विश्व कल्याण के समग्र विज्ञान के रूप में पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों और आयुर्वेद पर जोर देते हुए वैश्विक कल्याण के एजेंडे पर भारत के विचारों और परिप्रेक्ष्यों पर केंद्रित रहीं। इस सम्मेलन में आयुर्वेद के आहार, मानसिक स्वास्थ्य और निवारक, व्यक्तिगत चिकित्सीय घटकों पर चर्चा शामिल रही। इसके अतिरिक्त, एफआईटीएम ने जी–20 प्राइमर ऑन ट्रेडिशनल मेडिसिन का प्रकाशन किया, जिसमें वन हेल्थ, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और आयुष स्वास्थ्य सेवा में साक्ष्य आधारित निवारक चिकित्सा, योग, अनुसंधान एवं विकास और डिजिटल प्रौद्योगिकियों को रेखांकित किया गया। आरआईएस ने जी–20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के तहत आयुष मंत्रालय द्वारा सह–आयोजित डब्ल्यूएचओ ग्लोबल समिट फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन में भाग लिया। इस समिट में माननीय प्रधानमंत्री ने पारंपरिक चिकित्सा के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और लचीलेपन की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर बल दिया। भारत की जी–20 की अध्यक्षता के दौरान इन महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को स्वीकार करते हुए हुए, एफआईटीएम ने भारत की इंडियाज जी–20 प्रेसिडेंसी एंड इनिशिएटिव्स ऑन प्रमोशन ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन पर एक चर्चा पत्र प्रकाशित किया, जिसमें वैश्विक स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का उपयोग करने के लिए संवाद, सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान–प्रदान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया गया।

कुल मिलाकर, ग्लोबल साउथ के देश, चिकित्सा और संबंधित स्वास्थ्य प्रणालियों के पारंपरिक ज्ञान के प्रमुख भंडार के रूप में, बहुपक्षीय दक्षिण–दक्षिण सहयोग के माध्यम से घरेलू बुनियादी ढांचे को उत्तरोत्तर मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अफ्रीकी देश व्यक्तिगत रूप से और एक क्षेत्र के रूप में पारंपरिक दवाओं के प्रबल उपयोग तथा संस्थानीकरण और नियामक विकास में व्यापक विविधता सहित ग्लोबल साउथ के प्रमुख प्रतिनिधि हैं। भारत जैसे देशों सीख ग्रहण कर पारंपरिक चिकित्सा के लिए नियामक और एकीकृत स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा बनाने की इच्छा ने भारत और अफ्रीका के बीच द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग की संभावनाएं उत्पन्न की हैं। 2023 में भारत द्वारा अफ्रीका को किया गया आयुष फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात उसके वैश्विक निर्यात का लगभग 19 प्रतिशत रहा, जो पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के संबंध में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के प्रस्ताव को और मजबूती प्रदान करता है। एफआईटीएम द्वारा किए गए अनुसंधान का उद्देश्य इन मुद्दों पर भारत की नीतिगत रणनीतियों को आगे बढ़ाना है।

व्यवहार व इतिहास में पूरकता के माध्यम से विकास के लिए क्षेत्रीय सहयोग ढांचे एक अन्य तंत्र है, जिसका पता लगाया जा रहा है, हालांकि इसमें मिलने वाली सफलता की डिग्री में भिन्नता है। इसमें सार्क क्षेत्र का उदाहरण शामिल है, जो व्यवहार व उपयोग में ठोस अंतर–क्षेत्रीय पूरकताओं के साथ पारंपरिक चिकित्सा की कई ऐतिहासिक प्रणालियों से संपन्न है। चिकित्सा परंपराएं विशेष रूप से आयुर्वेद, योग, सिद्ध और सोवा रिग्पा, सार्क के सभी देशों में व्यापक रूप से समान सैद्धांतिक और समान चिकित्सीय सिद्धांत साझा करती हैं, जो उत्पादों और स्वास्थ्य सेवाओं के विनियामक प्रबंधन के लिए समान शास्त्रीय ग्रंथों का हवाला देते हैं। फिर भी, जैसा कि चर्चा पत्र ट्रेडिशनल मेडिसिन इन सार्क : अ रीजनल कोऑपरेशन फ्रेमवर्क में इस बात को रेखांकित किया गया है कि यद्यपि आयुष उत्पादों के निर्यात गंतव्य के रूप में विश्व के अन्य हिस्सों की तुलना में दक्षिण एशियाई क्षेत्र के अलग–अलग सार्क देशों के लिए आकर्षण का केंद्र होने के बावजूद, बिम्सटेक और आसियान जैसे अन्य क्षेत्रीय समूहों की तुलना में इसका प्रदर्शन खराब है।

दक्षिण अफ्रीका के आईबीएसए फेलो डॉ राजेंद्रन गोवेंद्र ने 27 जून 2023 को आरआईएस में "पारंपरिक चिकित्सा (टीएम) पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों (आईकेएस) और पारंपरिक ज्ञान (टीके) के संवर्धन और संरक्षण के लिए संस्थागत ढांचाः आईबीएसए से सबक" पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस सत्र की अध्यक्षता आरआईएस के महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने की और इस अवसर पर महामहिम श्री जोएल सिबुसिसो नदेबेले, उच्चायुक्त, दक्षिण अफ्रीकी उच्चायोग, नई दिल्ली भी उपस्थित रहे

चिकित्सा के पारंपरिक ज्ञान के लिए अंतरराष्ट्रीयकरण और आईपी संरक्षण

बढ़ता पारंपरिक चिकित्सा उद्योग नवाचार में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए आईपीआर के उपयोग की संभावनाएं भी तलाश रहा है। अतीत में आरआईएस ने आईपीआर, जैविक संसाधनों और संबंधित ज्ञान प्रणालियों के अंतर्संबंधों के बारे में समृद्ध साहित्य तैयार किया है। अनुसंधान पर अपना फोकस जारी रखते हुए, स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों और पारंपरिक ज्ञान के प्रचार और संरक्षण के लिए आईबीएसए देशों से मिली सीख पर विशेष ध्यान देते हुए संस्थागत ढांचे की संभावनाओं का पता लगाया गया। इसने आईबीएसए देशों की कई पहलों और संस्थानों जैसे भारत का जैविक विविधता अधिनियम 2002, दक्षिण अफ्रीका का पारंपरिक स्वास्थ्य चिकित्सक अधिनियम, विशेष रूप से ब्राजील में जैव विविधता और पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा के लिए कानून के बारे में चर्चा की। इस बात पर गौर करते हुए कि स्थानीय समुदाय चिकित्सा और जैव विविधता से संबंधित पारंपरिक ज्ञान के संरक्षक रहे हैं, पार्टनर्स इन प्रोग्रेसः द रोल ऑफ इंडिजिनस पीपल इन सस्टेनेबल ग्रोथ नामक पुस्तक सामाजिक–सांस्कृतिक, कानूनी और विकास संबंधी मुद्दों और स्वदेशी समुदायों की भूमिका पर वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करती है।

ज्ञान सृजन के लिए संस्थागत ढांचे

आयुष से जुड़े अनुसंधान के संबंध में फेलोशिप प्रोग्राम जैसे संस्थागत ढांचों के माध्यम से क्षमता निर्माण एफआईटीएम के अंतर्गत एक अनूठी पहल है। वर्तमान में एफआईटीएम फेलोशिप कार्यक्रम में 2 डॉक्टरेट फेलो और एक पोस्ट–डॉक्टरल फेलो नामांकित हैं। एफआईटीएम रिसर्च फेलो प्रीत अमोल सिंह के एग्रीकल्चरल एडॉप्शन ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स इन पंजाबः अ फिजिबिलिटी स्टडी का भी एफआईटीएम ने प्रकाशन किया गया है। एफआईटीएम एक विद्वत–समीक्षित पत्रिका ट्रेडिशनल मेडिसिन रिव्यू का भी प्रकाशन करता है, जो राष्ट्रीय और वैश्विक गवर्नेंस के दृष्टिकोण से पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के सामाजिक–आर्थिक विकास, सार्वजनिक नीति, नैतिक और

नियामक पहलुओं पर गौर करती है। इस अवधि के दौरान शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाते हुए विभिन्न मुद्दों पर ट्रेडिशनल मेडिसिन रिव्यू के दो अंक प्रकाशित किए गए

भविष्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र

पारंपरिक चिकित्सा में अनुसंधान और आंकड़ों की खामियों को दूर करने की आवश्यकता को देखते हुए, एफआईटीएम की कार्य योजनाओं में आयुष की प्रतिस्पर्धात्मकता, नवाचार और निर्यात के आकलन और विश्लेषण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारत में आयुष सेवा क्षेत्र के सर्वेक्षण पर आधारित अध्ययन से आयुष सेवा उपक्रमों की संख्या, आकार व भौगोलिक वितरण, सृजित राजस्व तथा इस क्षेत्र में रोज़गारों की संख्या व प्रकृति के संबंध में जानकारी प्राप्त होने की संभावना है। अनुसंधान भारत में औषधीय पौधों के बाजारों पर भी केंद्रित होगा, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला, मूल्य अस्थिरता और औषधीय पौधों की खेती की आर्थिक व्यावहार्यता तथा औषधीय पौधों के बाजारों की बुनियादी सुविधाओं से प्राप्त विकास रणनीतियों पर परामर्श देना होगा। यह उद्योग अब नवाचार में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए आईपीआर के उपयोग की संभावनाएं भी तलाश रहा है। इस विमर्श का आकलन आरआईएस में भावी अनुसंधान का एक और विशेषाधिकार है। मुक्त व्यापार समझौतों सहित आयुष व्यापार के बारे में डेटा के सृजन और पारंपरिक औषधियों के संदर्भ में फार्माकोपियल मानकों की स्थापना में आसियान देशों में क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाएं तलाशने वाले अध्ययन अन्य अनिवार्यताएं हैं, जिनका पता लगाया जाना बाकी है।

प्रमुख कार्यक्रम

- आईबीएसए फेलोशिप प्रोग्राम के अंतर्गत दक्षिण अफ्रीका के आईबीएसए फेलो डॉ. राजेंद्रन गोवेंडर ने 27 जून 2023 को आरआईएस में आयोजित एक संगोष्ठी में स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों (आईकेएस) और पारंपरिक चिकित्सा (टीएम) पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस), शिमला में 15–16 अगस्त 2023 को 'आयुर्वेदः विश्व के लिए कल्याण का समग्र विज्ञान' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन आरआईएस, आईआईएएस और विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन (वीआईएफ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।
- आयुष मंत्रालय और आरआईएस ने भारतीय पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में अकादमिक सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से 27 फरवरी, 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर अपने सहयोग को औपचारिक रूप प्रदान किया। आयुष मंत्रालय की ओर से सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, जबकि आरआईएस की ओर से महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

प्रमुख प्रकाशन

रिपोर्ट

- आयुष एक्सपोर्ट्सः रेगुलेटरी ऑपर्च्युनिटीज एंड चैलेंजेज इन की मार्केट्स बाइ नम्रता पाठक एंड संजना अग्रवाल

चर्चा पत्र

- #283: ट्रेडिशनल मेडिसिन इन सार्क : अ रीजनल कोऑपरेशन फ्रेमवर्क बाइ नम्रता पाठक,

पत्रिका

- ट्रेडिशनल मेडिसिन रिव्यू, खंड 3, संख्या 2, अक्टूबर 2023
- ट्रेडिशनल मेडिसिन रिव्यू, खंड 4, संख्या 1, अप्रैल 2024

9

वैश्विक आर्थिक धारणाओं को गढ़ रहा है: आरआईएस@40

विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआईएस) की स्थापना वर्ष 1983 में नई दिल्ली में एक अग्रणी नीतिगत अनुसंधान संस्थान के रूप में की गई थी, जिसका उद्‌देश्य अंतरराष्ट्रीय आर्थिक नीतियों से संबंधित मामलों पर विकासशील देशों का समर्थन करना और उन्हें विश्लेषणात्मक सहायता प्रदान करना है। आरआईएस की 40 साल की यात्रा पूरी होने पर इसकी मूलभूत प्रकृति का निरुपण करना भी अनिवार्य हो जाता है। अपनी स्थापना के बाद से ही, आरआईएस ने दक्षिण–दक्षिण सहयोग के एक माध्यम, एक ऐसे दूरदर्शी मंच का काम किया है, जहां विकासशील देशों के मत वैश्विक आर्थिक गवर्नेंस की रूपरेखा को नया आकार देने के लिए एकत्र होते हैं।

उभरती वैश्विक चुनौतियों का अनुमान लगाने, उनके साथ सामंजस्य बनाने और उनसे निपटने की इस संस्थान की क्षमता अंतरराष्ट्रीय विकास के प्रगतिशील आदर्शों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की द्योतक है। आरआईएस ने अपने प्रबल अनुसंधान कार्यक्रमों के जरिए, प्रौद्योगिकीय नवाचार और नीति–निर्माण के लिए व्यापार को एक माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश करते हुए इनका उपयोग आर्थिक विकास और सतत विकास को बढ़ावा देने के उपकरणों के रूप में किया है। इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए, संस्थान ने वित्त और निवेश पर बारीकी से ध्यान देते हुए अपने बौद्धिक और नीति–निर्माण संबंधी परिप्रेक्ष्यों का विस्तार किया है, जो वैश्विक विकास पथ को आकार देने वाले कारकों के लगातार जटिल होते मैट्रिक्स को दर्शाता है।

यह अध्याय आरआईएस के विकसित होते अनुसंधान के एजेंडे का अध्ययन करने, प्रारंभिक सहभागिताओं से लेकर इसके समकालीन फोकस के क्षेत्रों तक इसके बौद्धिक पथ का आकलन करने प्रयास करता है। इस संबंध में यह अध्याय उन जटिल तरीकों को प्रकट करता है, जिनसे इस थिंक टैंक ने अपनी कार्यप्रणाली और विजन को लगातार समृद्ध किया है, अतीत के अनुभव और भविष्य की संभावना के बीच हमेशा तालमेल कायम किया है, और तेजी से बदलती दुनिया में विकासशील देशों की महत्वपूर्ण जरूरतों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

उत्पत्ति और विकास

1960 के दशक में वैश्विक राजनीतिक पटल पर विकासशील देशों के लिए अपनी स्वतंत्रता दर्शाने के एक मंच के रूप उभरे गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) की बौद्धिक और राजनीतिक सरगर्मियों की बदौलत आरआईएस का जन्म हुआ। एनएएम का प्रभाव राजनीतिक तटस्थता से परे, आर्थिक न्याय पर

ध्यान केंद्रित करने और नयी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था का समर्थन करने तक व्याप्त था। इस संदर्भ में, 1964 में ग्रुप ऑफ 77 (जी–77) का गठन किया गया, जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की स्थापना हुई। इन सभी मुहिमों ने आरआईएस के गठन का आधार प्रदान किया।

विभिन्न एनएएम और जी–77 शिखर सम्मेलनों में विचार–विमर्श का सिलसिला आगे बढ़ने के साथ ही यह स्पष्ट होता चला गया कि नीतिगत सलाह प्रदान करने, वार्ता की रणनीतियां तैयार करने और विकासशील देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक निकाय की आवश्यकता है। अल्जीयर्स में 1976 में आयोजित गुटनिरपेक्ष देशों के समन्वय ब्यूरो की बैठक में एक अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली की व्यवहार्यता के संबंध में एक रिपोर्ट पर विचार किया गया और कोलंबो शिखर सम्मेलन में इस प्रणाली के स्थापित हो जाने की सिफारिश की गई। इसके बाद, 1976 में कोलंबो में आयोजित पांचवें गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन की आर्थिक घोषणा ने वैश्विक ढांचे में विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली

की शुरुआत को चिह्नित किया। इसके गठन की दिशा में पहला औपचारिक कदम 1979 में बेलग्रेड में हुई एक बैठक में उठाया गया, जिसकी पहल यूगोस्लाव कंसोर्टियम ऑफ सेवन इंस्टीट्यूशंस ने की थी।

नई दिल्ली में 1983 में आयोजित गुटनिरपेक्ष देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों के सातवें सम्मेलन के दौरान पारित प्रस्ताव के फॉलोअप के रूप में भारत सरकार ने एक स्वायत्त निकाय के रूप में गुटनिरपेक्ष और अन्य विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआईएस) की स्थापना करने का निर्णय लिया, जिसका उद्देश्य विकासशील देशों को अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों के बारे में वार्ता के संबंध में विश्लेषणात्मक सहायता प्रदान करना तथा विकासशील देशों के बीच विचारों और सूचनाओं के आदान–प्रदान के एक मंच का गठन करना था। आरआईएस को अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों के मुद्दों पर भारत सरकार के सलाहकार निकाय के रूप में तथा गुटनिरपेक्ष और विकासशील देशों के बीच और आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग के विकास के लिए भी अधिकृत किया गया था।

आरआईएस ने अपने प्रथम अध्यक्ष, स्वर्गीय श्री जी पार्थसारथी के नेतृत्व में फरवरी 1984 में काम करना शुरू किया, जो अनुभवी राजनयिक थे और भारत सरकार की नीति संबंधी सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष रह चुके थे। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष प्रोफेसर सुखमय चक्रवर्ती ने उपाध्यक्ष के रूप में

दायित्व संभाला, जिससे आरआईएस का अनुसंधान का एजेंडा भारत के व्यापक आर्थिक और नीतिगत लक्ष्यों में गहराई से निहित होना सुनिश्चित हुआ। अपने प्रारंभिक वर्षों के दौरान, संस्थान ने विकासशील देशों के बीच सामूहिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और दक्षिण–दक्षिण सहयोग को आगे बढ़ाने पर बल दिया। श्री जी पार्थसारथी और प्रोफेसर वी.आर. पंचमुखी, आरआईएस के महानिदेशक, के ओजस्वी नेतृत्व में, इस संस्थान ने ऐसा ज्ञान का आधार तैयार करने पर फोकस किया जो अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं और नीति निर्माण में विकासशील देशों की सहायता कर सके।

शीत युद्ध के बाद पूर्व और पश्चिम के बीच वैचारिक मतभेद घटने के साथ ही साथ गुटनिरपेक्षता की राजनीतिक प्रासंगिकता भी घटती चली गई। इन बदलावों के मद्देनजर, 2004 तक आते–आते आरआईएस का नाम बदलकर विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली कर दिया गया, जो आर्थिक सहयोग और बहुध्रुवीयता को प्रतिबिम्बित करता है।

अनुसंधान का वर्तमान फोकस

मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में, आरआईएस ने अनुसंधान और नीति से संबंधित अपनी सलाहकार गतिविधियों को बहुध्रुवीय दुनिया की चुनौतियों के साथ रणनीतिक रूप से संबद्ध किया है, जहां प्रौद्योगिकी, स्थिरता और समावेशी विकास मिलकर विकास से संबंधित विमर्श को आकार देते

हैं। आरआईएस का अनुसंधान से संबंधित ढांचा विषयगत रूप से चार अलग–अलग, लेकिन परस्पर संबद्ध स्तंभों : वैश्विक आर्थिक गवर्नेंस और सहयोग; व्यापार, निवेश और क्षेत्रीय सहयोग; क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा; और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के गिर्द संगठित है। निम्नलिखित बिंदु विशिष्ट स्तंभ से संबंधित कार्ययोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं:

वैश्विक आर्थिक गवर्नेंस और सहयोग

वैश्विक विकास से संबंधित विमर्श जैसे–जैसे विकसित होता गया, आरआईएस ने अपने अनुसंधान के फोकस को अंतरराष्ट्रीय विकास के बदलते आयामों पर गौर करने की दिशा में अनुकूलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनआईईओ की समाप्ति के बाद उभरे विकास के नए परिप्रेक्ष्य ने समावेशी विकास, गरीबी में कमी लाने और मानव–केंद्रित विकास पर बल दिया। आरआईएस ने आर्थिक विकास से आगे बढ़कर नीति निर्माण में सामाजिक और पर्यावरणीय आयामों के एकीकरण का समर्थन करने वाली विकास रणनीतियों का विश्लेषण करके इस बदलाव में योगदान दिया।

आरआईएस ने यह स्वीकार करते हुए इस मानव–केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाना शुरू किया कि आर्थिक विकास को केवल उत्पादन से ही नहीं, बल्कि जीवन स्तर और जीवन

की गुणवत्ता में सुधार के पैमाने से भी मापा जाना चाहिए। 1992 में 'बेसिक नीड्स इश्यूज इन डेवेलपमेंटः ऐन अप्रेजल' का प्रकाशन वास्तव में एमडीजी और बाद में एसडीजी की नींव का पूर्ववर्ती था। बुनियादी जरूरतों से संबंधित ढांचे ने बुनियादी जरूरतों की संतुष्टि सतत आर्थिक प्रगति की पहली आवश्यकता होने की दलील देते हुए विकास का फोकस व्यापक आर्थिक संकेतकों से हटाकर मानव कल्याण पर केंद्रित किया। आरआईएस ने एकमात्र विकास संकेतक के रूप में जीडीपी को चुनौती देते हुए, बुनियादी सुविधाओं में कमी पर केंद्रित बुनियादी ढांचे का प्रस्ताव करते हुए, अपना फोकस न्यायसंगत वितरण और मानव विकास के व्यापक एजेंडे की ओर केंद्रित करते हुए कल्याण अर्थशास्त्र में योगदान दिया।

आरआईएस ने जिन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में योगदान दिया है, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का कार्यान्वयन भी उन्हीं में से एक है। वैश्विक चुनौतियों के समाधान के तंत्र के रूप में एसडीजी के महत्व को स्वीकार करते हुए, आरआईएस ने विभिन्न क्षेत्रों में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए नीति आयोग जैसे भारतीय संस्थानों, संयुक्त राष्ट्र निकायों और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ मिलकर काम किया है। यह वैश्विक एसडीजी के राष्ट्रीयकरण और स्थानीयकरण, खाद्य सुरक्षा, व्यापार को हरित बनाने आदि की दिशा में काम कर रहा है।

इसके अलावा, आरआईएस ने सतत विकास लक्ष्यों के निष्पादन में असमानताओं का आकलन करने के लिए एक नई कार्यपद्धति—जीएपी इंडेक्स विकसित किया है। यह इंडेक्स पीसीए और मानकीकृत जेड—स्कोर का उपयोग करते हुए, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में विकास संबंधी अंतर का आकलन करता है, इस प्रकार सभी भारतीय राज्यों में एसडीजी परिणामों की तुलना करने और उन्हें वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों के साथ संबद्ध करने का अधिक सशक्त तरीका मिल जाता है। आरआईएस ने क्रॉस—डोमेन एकीकरण के जरिए एसटीआई समाधानों को विशिष्ट एसडीजी लक्ष्यों के साथ संबद्ध करते हुए तथा स्वास्थ्य, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी—संचालित समावेशी विकास पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए एक सांकेतिक प्रौद्योगिकी मानचित्रण (आईटीएम) पद्धति की भी शुरुआत की।

आरआईएस में बहुपक्षवाद वैश्विक आर्थिक सहयोग के पुराने ढांचों तक ही सीमित नहीं है। इसकी बजाय, यह संस्थान वैश्विक गवर्नेंस के विकसित होते आयामों, विशेष कर एआई गवर्नेंस जैसे उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में और जलवायु परिवर्तन वार्ताओं में सक्रिय रूप से शामिल है। एआई के वैश्विक गवर्नेंस के संबंध में इसका कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां इसने जिम्मेदार एआई विकास और एआई —संचालित प्रौद्योगिकियों के नैतिक निहितार्थों पर चर्चाओं में योगदान दिया है।

वैश्विक आर्थिक गवर्नेंस को आकार देने में इस संस्थान की भूमिका संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) जैसे मंचों पर विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही है, जहां इसने ग्लोबल साउथ के हितों की लगातार वकालत की है। इस विजन के केंद्र में आरआईएस का दक्षिण—दक्षिण और त्रिकोणीय सहयोग पर आधारित कार्य है।

दक्षिण—दक्षिण सहयोग हमेशा से आरआईएस के मिशन और विचारधारा के केंद्र में रहा है। अपनी स्थापना के बाद से ही आरआईएस ने विकासशील देशों के बीच अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने, सामूहिक आत्मनिर्भरता और साझा समृद्धि का समर्थन करने का प्रयास किया है। इसने यह आशा व्यक्त की कि गरीबों द्वारा एक—दूसरे की सहायता के जरिए, उनके स्वयं के बूते पर विकास किया जा सकता है, और संपूर्ण विश्व व्यवस्था को प्रबल ग्लोबल नॉर्थ की तुलना में उनके पारस्परिक हितों को प्रतिबिंबित करने के लिए बदला जा सकता है। दक्षिण—दक्षिण सहयोग के संबंध में इस संस्थान का कार्य व्यवहार्य व्यापार समझौतों, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की गुंजाइश, बुनियादी ढांचे के विकास की प्रकृति और विभिन्न नीतिगत उपायों के आधार जैसे विविध विषयों तक व्याप्त है। इन प्रयासों की परिणति आरआईएस में दक्षिण—द ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के रूप में हुई है, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। सहयोगपूर्ण केंद्र के रूप में डिजाइन किए गए इस केंद्र का उद्देश्य विकासशील देशों के बीच विचारों, ज्ञान और रणनीतियों के आदान—प्रदान को सुगम बनाना है। यह गरीबी, असमानता और जलवायु परिवर्तन जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देने, साझेदारियां कायम करने और नवोन्मेषी समाधानों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

वर्ष 2024 में थर्ड वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में प्रधानमंत्री ने दक्षिण—दक्षिण सहयोग को नया आकार देने के लिए "विकास समझौते" की अवधारणा प्रस्तुत की। यह ढांचा पांच प्रमुख क्षेत्रों : क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी साझाकरण, विकास के लिए व्यापार, अनुदान और रियायती वित्त— को

एकीकृत करता है, इनमें से प्रत्येक, दूसरे को मजबूती प्रदान करता है। प्रभावी ढंग से लागू किए जाने की स्थिति में यह समझौता ग्लोबल साउथ के साथ भारत की सहभागिता की दिशा में एक नया मानक स्थापित कर सकता है।

व्यापार, निवेश और क्षेत्रीय सहयोग

दूसरा स्तंभ विशाल मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए), द्विपक्षीय व्यापार संबंधों, हिंद—प्रशांत सहयोग, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं तथा सार्क, बिम्सटेक, आईओआरए और आसियान के भीतर क्षेत्रीय सहयोग के ढांचों के उदय की पड़ताल करता है। इस क्षेत्र में संस्थान का कार्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर इन समझौतों के प्रभाव का आकलन करने पर केंद्रित है, जिसमें विशेष रूप से इस बात पर ध्यान दिया जाता है कि वे रोजगार, निवेश प्रवाह और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को कैसे प्रभावित करते हैं। इसका अनुसंधान विशेष रूप से दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और हिंद महासागर रिम जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है, जहां आर्थिक एकीकरण सामूहिक विकास का वादा करता है।

भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसएंडडब्ल्यू) के तहत आरआईएस द्वारा स्थापित समुद्री अर्थव्यवस्था व संयोजन केंद्र (सीएमईसी), एक अनुसंधान और नीतिगत सलाहकार संस्थान के रूप में कार्य करता है। सीएमईसी आर्थिक और भू—रणनीतिक दोनों सरोकारों पर गौर करते हुए भारत के समुद्री क्षेत्र तथा उसके क्षेत्रीय तथा हिंद महासागर से सटे पड़ोसी देशों पर ध्यान केंद्रित करता है। इसके प्रमुख उद्देश्यों में क्षेत्र के व्यवस्थित विकास के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित करना, निवेश आकर्षित करने के लिए नियामक ढांचे को बढ़ावा देना और हिंद महासागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है।

इसके अलावा, आरआईएस डिजिटल अर्थव्यवस्था से संबंधित चर्चाओं में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है। चूंकि डिजिटल व्यापार महत्वपूर्ण स्थिति अख्तियार कर रहा है, ऐसे में आरआईएस डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, ई—कॉमर्स और सीमा पार व्यापार को सुगम बनाने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं की दक्षता में सुधार लाने में इसकी भूमिका की पड़ताल करता है। आरआईएस ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है कि व्यापार सुविधा और बेहतर क्षेत्रीय संपर्क के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे किया जा सकता है, ताकि वैश्वीकरण के विकासात्मक लाभांश को बढ़ाया जा सके।

इसके अतिरिक्त, आरआईएस ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) समाधानों को विकासशील देशों की विशिष्ट आवश्यकताओं के साथ संबद्ध करने वाली संकेतक प्रौद्योगिकी मानचित्रण (आईटीएम) जैसी नवीन पद्धतियां शुरू की हैं। यह दृष्टिकोण सतत विकास रणनीतियों पर संस्थान के प्रभाव को और बढ़ाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में विकास संबंधी अंतर को पाटने वाले महत्वपूर्ण तकनीकी हस्तक्षेपों की पहचान करने का अवसर देता है।

भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के बीच त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आरआईएस ने भारत के विदेश मंत्रालय की सहायता से 2016 में आईबीएसए फेलोशिप कार्यक्रम शुरू किया। यह पहल दक्षिण—दक्षिण सहयोग के ढांचे के भीतर सहयोगपूर्ण अनुसंधान को बढ़ावा देते हुए अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञान के युवा विद्वानों के बीच अकादमिक आदान—प्रदान को बढ़ावा देती है। यह कार्यक्रम वैश्विक सतत विकास, मैक्रो—इकोनॉमी, व्यापार और विकास पर संयुक्त अनुसंधान और आईबीएसए साझेदारी के तहत आपसी हित के अन्य क्षेत्रों के लिए बहुपक्षीय संस्थागत ढांचे पर ध्यान केंद्रित करता है।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा

यह क्षेत्र, क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग को संवर्धित करने वाले व्यापार और परिवहन संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भौतिक और डिजिटल कनेक्टिविटी के विकास संबंधी प्रभाव का मूल्यांकन करता है। क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना आरआईएस का मुख्य फोकस रहा है, जिसने नीतिगत समर्थन और ट्रैक—2 और ट्रैक— 1—5 कूटनीति के माध्यम से क्षेत्रीय संपर्क और व्यापार सुविधा को बढ़ावा देने में भारत के प्रयासों को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आरआईएस ने अपनी इस परंपरा को जारी रखते हुए, विशेष रूप से हिंद—प्रशांत क्षेत्र में सीमा पार व्यापार और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई अनुसंधान और नेटवर्किंग गतिविधियां संचालित की हैं।

आरआईएस अनुसंधान गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे, समुद्री और ऊर्जा कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। इन अध्ययनों से इन क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से सिफारिशें की हैं। इसके अलावा, आरआईएस ने इन क्षेत्रों

में बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहन बनाने के लिए नेपाल, भूटान, आसियान के सदस्य देशों, यूरोपीय संघ और जापान जैसे देशों के प्रमुख हितधारकों के साथ जुड़कर एक क्षेत्रीय अवधारणा के रूप में हिंद–प्रशांत के उद्भव और भारत के लिए इसके निहितार्थों की पड़ताल की है।

आरआईएस ने खास तौर पर दक्षिण तथा दक्षिण–पूर्व एशिया में भारत की उप–क्षेत्रीय और क्षेत्रीय साझेदारियों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह भारत में बिम्सटेक नेटवर्क ऑफ पॉलिसी थिंक टैंक्स (बीएनपीटीटी) का संस्थापक सदस्य और नोडल प्वाइंट है। समुद्री कनेक्टिविटी को वैश्विक व्यापार का आधार मानते हुए, आरआईएस ने सुरक्षित, विश्वसनीय और कुशल शिपिंग मार्गों, आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, पारगमन में कम समय और सुसज्जित बंदरगाहों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने विमर्श का विस्तार किया है।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार

हाल के वर्षों में आरआईएस के कार्य की एक विशेषता विज्ञान कूटनीति पर इसका फोकस भी रही है। वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों को साथ लाने वाले नवोन्मेषी कार्यक्रमों के माध्यम से, आरआईएस ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा दिया है। अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के लिए वैज्ञानिक सहयोग का उपयोग करने की इच्छुक विज्ञान कूटनीति, नए और अभिनव तरीकों से दक्षिण–दक्षिण सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत आरआईएस के लिए फोकस का प्रमुख क्षेत्र रही है। आरआईएस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जैव प्रौद्योगिकी जैसी नवोदित प्रौद्योगिकियों के नैतिक और सामाजिक–आर्थिक निहितार्थों पर अनुसंधान को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इस संस्थान का फोकस समावेशी विकास के साथ ही साथ सामाजिक–आर्थिक असमानताओं के गहन होने के जोखिम

से निपटने के लिए इन नवाचारों का लाभ उठाने पर केंद्रित है। सैद्धांतिक स्तर पर, आरआईएस ने एईआई (पहुंच, समानता और समावेशिता) ढांचा विकसित करके जिम्मेदार नवाचार से संबंधित विमर्श में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह मॉडल विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) पहलों के सामाजिक—आर्थिक प्रभावों का आकलन करने के लिए एक संरचित पद्धति प्रदान करता है और इन आकलनों को विकास संबंधी व्यापक उद्देश्यों के साथ संबद्ध करता है।

जिम्मेदार नवाचार, विशेषकर जैव प्रौद्योगिकी, सिंथेटिक बायोलॉजी और नैनो प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों के संबंध में इसका अनुसंधान यह सुनिश्चित करने की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है कि तकनीकी प्रगति समस्त मानवता, विशेष रूप से विकासशील देशों को लाभ पहुंचाएं। इसने न्यायसंगतता और समावेशी विकास के सिद्धांतों को एकीकृत करने वाले एईआई ढांचे का निर्माण करके जिम्मेदार नवाचार पर सैद्धांतिक विमर्श में योगदान दिया है। यह मॉडल विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में एसटीआई पहलों के सामाजिक—आर्थिक प्रभावों का आकलन करने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करता है, और उन्हें विकास से संबंधित व्यापक लक्ष्यों से जोड़ता है।

आरआईएस की एक अन्य प्रमुख उपलब्धि फोरम ऑन इंडियन ट्रेडिशनल मेडिसिन (एफआईटीएम) की स्थापना के लिए आयुष मंत्रालय के साथ इसका सहयोग रहा है। इस कदम ने विशेषकर आयुष क्षेत्र में बाजार के आकार के प्रथम आकलन के जरिए भारतीय पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक स्वास्थ्य परिदृश्य में सफलतापूर्वक स्थापित किया है। इस अध्ययन ने पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती वैश्विक मांग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, साथ ही बाजार तक पहुंच हासिल करने में विशेष रूप से नियामक ढांचे से संबंधित उभरती चुनौतियों को भी रेखांकित किया।

नए उभरते क्षेत्र: अनुसंधान के विस्तृत होते दायरे

हाल के वर्षों में, आरआईएस ने अपने अनुसंधान के एजेंडे का काफी विस्तार किया है, और अपना ध्यान अधिक टिकाऊ, नैतिक और समावेशी वैश्विक व्यवस्था की तलाश पर केंद्रित किया है। इस विजन का केंद्र लाइफ अर्थव्यवस्था है, जो स्थिरता के प्रति भारत की संकल्पबद्धता को रेखांकित करने वाली एक प्रमुख प्राथमिकता है। यह प्रयास भारत की जी—20 की अध्यक्षता के दौरान फलीभूत हुआ, जब प्रधानमंत्री ने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यवहार, व्यक्तिगत जिम्मेदारी और संसाधन—कुशल पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए लाइफ—पर्यावरण सम्मत जीवनशैली की अवधारणा पेश की। इसकी प्रतिक्रिया में, आरआईएस ने जी—20 की रूपरेखा के भीतर एक विशिष्ट पहल, लाइफ, लचीलापन और कल्याण के लिए मूल्य पर टास्क फोर्स—3, का नेतृत्व किया, जिसने लाइफ अर्थव्यवस्था का आधार तैयार किया।

